बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 6.07% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2017 को ₹ 13,513.41 करोड़ हो गई जबकि अन्य आय 35.19% की वृद्धि से ₹ 6,758.06 करोड़ हो गई, यह वृद्धि ट्रेजरी आय में 122.05% की वृद्धि के साथ ₹ 2,618.01 करोड़, साथ ही साथ कोर फीस आय में 5.95% की बढ़ोतरी के साथ ₹ 3,813.22 करोड़ की वृद्धि के कारण हुई. परिचालनगत खर्च 4.18% की वृद्धि के साथ ₹ 9,296.40 करोड़ रहा.

हमारे बैंक ने वित्त वर्ष 2017 के दौरान 24.49% की वृद्धि करते हुए रु 10,975.07 करोड़ का परिचालनगत लाभ दर्ज किया है. प्रावधान लागत (करों के अलावा) पिछले वर्ष के ₹ 15,513.64 करोड़ की तुलना में 45.19% की भारी गिरावट के साथ ₹ 8,502.37 करोड़ रही और बैंक ने ₹ 2,472.70 करोड़ का कर पूर्व लाभ दर्ज किया. कर हेतु ₹ 1089.56 करोड़ का प्रावधान करने के बाद, 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 1,383.14 करोड़ रहा.

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए औसत आस्तियों पर प्रतिफल 0.20% रहा जबकि इक्विटी पर प्रतिफल 4.53% रहा. प्रति शेयर अर्जन (एफवी ₹ 2/-) ₹ 6.00 रहा.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) :

	31.03.16	31.03.17
पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बासेल III	13.17	12.24
सीईटी-I	10.29	8.98
टियर - I	10.79	9.93
टियर - II	2.38	2.31

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरआर) 31 मार्च, 2017 को बासेल III के अंतर्गत सांविधिक आवश्यकताओं से अधिक 12.24% पर रहा. बासेल III फ्रेमवर्क के अंतर्गत टियर-1 अनुपात 9.93% पर तथा सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी-1) 8.98% पर रहा. बैंक ने दिसंबर 2016 तथा मार्च 2017 दोनों में ₹ 1,000 करोड़ के दो भागों में एटी-1 बॉंड के रूप में ₹ 2,000 करोड़ की ऋण पूंजी जुटायी.

31 मार्च, 2017 को बैंक की शुद्ध मालियत ₹ 30,520 करोड़ रही. इसमें चुकता इक्विटी पूंजी ₹ 462 करोड़ और प्रारक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन निधि तथा एफसीटीआर एवं निवल अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) ₹ 30,058 करोड़ शामिल है. शेयर का बही मूल्य (एफवी ₹ 2/-) 132.46 रहा.

लाभांश

आपके बैंक के निदेशकों ने प्रति शेयर ₹ 1.20 के लाभांश की अनुशंसा की है. लाभांश के रूप में कर सहित कुल ₹ 332.79 करोड़ का व्यय होगा. लाभांश का भुगतान अपेक्षित अनुमोदन के अधीन है.

प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण

व्यावसायिक परिवेश

वैश्विक आर्थिक वृद्धि 2015 में 3.2% के सापेक्ष 2016 में कुछ कम होकर 3.1% रही. वैश्विक ट्रेड वृद्धि धीमी आर्थिक गतिविधियां एवं उत्पादन के साथ, 2015 में 2.6% की तुलना में वर्ष 2016 में 2.3% रही. वित्तीय वर्ष 2017 के ऐसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय परिणाम जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तार को एक जगह मिली, वे थे ब्रिक्सिट (Brexit), यूएस में नये प्रशासन द्वारा अंतर्देशीय ट्रेड नीति को अपनाना, ओपेक द्वारा ऐतिहासिक सौदा एवं गैर ओपेक सदस्य देशों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कमी किया जाना, जिससे तेल की कीमत को स्थिर किया जा सके, चीन में धीमी प्रगति तथा भू-राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि आदि. तथापि वैश्विक ट्रेड एवं वैश्विक वृद्धि में सुधार के संकेत वित्तीय वर्ष 2018 में भारतीय अर्थव्यवस्था हेतु बेहतर वृद्धि की संभावना की ओर संकेत करते हैं.

चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण एवं घरेलू अर्थव्यवस्था में क्षणिक व्यवधान के वावजूद वित्तीय वर्ष 17 में भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषता लचीली वृद्धि रही. भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार दो वर्षों के सूखे के बाद सामान्य मानसून, मुद्रास्फीति के अपेक्षाकृत न्यूनतम स्तर, चालू खाते में कम घाटा, मजबूत आरक्षित विदेशी मुद्रा एवं सबसे महत्वपूर्ण, सरकार की सुधारोन्मुखता का सहयोग मिला. एफसीएनआर(बी) जमा का सुचारु रुप से मोचन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा कुशल चलनिधि प्रबंधन की ओर संकेत करता है.

वित्तीय वर्ष 2017 ₹ 500 एवं ₹ 1000 के संचलित मुद्रा के 86% कुल मूल्य के विनिर्दिष्ट बैंक नोटों को वापिस लिए जाने तथा ₹ 500 एवं ₹ 2000 के नये नोटों से पुन:पूर्ति किए जाने का साक्षी रहा. कुछ क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों में अस्थायी कमी के वावजूद इस विमुद्रीकरण की शुरुआत से जीडीपी को मजबूत आधार प्राप्त होने की अपेक्षा है.

अप्रत्यक्ष कर के क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार जीएसटी बिल संसद में पास हुआ और 01 जुलाई 2017 को इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कदम उठाए गए हैं. जीएसटी को अपनाया जाना संव्यवहार की लागत में कमी, कर के कैस्केडिंग प्रभाव को दूर कराते हुए तथा भारत को "एक भारत-एक बाजार" की ओर ले जाते हुए विकास के लिए गतिवर्धक बनेगा ऐसी अपेक्षा है. इसके अतिरिक्त, विमानन, रक्षा व रेलवे सहित कुछ क्षेत्रों में एफडीआई निवेश की सीमा में छूट, बुनियादी संरचनागत क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था हेतु सरकार द्वारा खर्च में वृद्धि जैसे अनेक उल्लेखनीय कदम उठाए गए, जिसने विकास की गति को बनाए रखने में मदद की है.

एक अन्य प्रमुख सुधार के रूप में मई, 2016 में आस्तियों के अधिकतम मूल्य और निवेशकों एवं ऋण दाताओं के लिए वसूली और निपटान हेतु एक संस्थागत फ्रेमवर्क का प्रावधान करते हुए इंसालवेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, 2016 पारित किया गया.

केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) द्वारा 28 फरवरी, 2017 को जारी द्वितीय अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017 हेतु भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.1% की वृद्धि की संभावना है. वित्तीय वर्ष 2016-17 में खाद्य फसलों का लगभग 270.10 मिलियन टन (एमटी) की भारी मात्रा में उत्पादन हुआ, इस प्रकार विगत वर्ष की तुलना में 6.7% की वृद्धि हुई. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) द्वारा कम निवेश एवं खपत मांग की मिश्रित प्रवृति दर्शायी गयी. अग्रिम संकेतक, समिश्र पीएमआई जो कि अक्तूबर-दिसम्बर 2016 के दौरान 50 से नीचे आ गया था, फरवरी 2017 में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का परामर्श देते हुए पुन: 50 का अंक पार कर गया. मार्च 2017 में समिश्र पीएमआई 52.3 की ऊंचाई पर पहुंचा जिससे निजी क्षेत्रों की गतिविधियों में सुधार का संकेत मिला. सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जो कि विमुद्रीकरण की अवधि के दौरान नकदी की कमी से प्रभावित हुई थीं, उनसे सुधार के संकेत के साथ ही रेलवे ट्रैफिक, दूरभाष ग्राहकों, विदेशी यात्री आगमन, यात्री कार की विक्री में भी उच्च वृद्धि दर्ज हुई.

सुधारों का दौर पूरे वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान जारी रहा, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावित स्थायी वृद्धि पर महत्वपूर्ण प्रभाव पडेगा. जीएसटी के अतिरिक्त, कई अन्य महत्वपूर्ण सुधारों की शुरुआत हुई जिसमें दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता 2016 की मंजूरी, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्पष्ट मुद्रास्फीति लक्ष्य के साथ मौद्रिक नीति की समिति बनाना, सरकारी राजस्व एवं व्यय की समग्र रुप से प्रस्तुति हेतु रेलवे बजट तथा संघ के बजट का समामेलन, संघ के बजट में योजनागत एवं गैर-योजनागत व्यय के बीच अंतर को हटाना आदि शामिल हैं. इन संरचनागत सुधारों के अतिरिक्त, स्टैन्ड अप इंडिया, प्रधान मंत्री उज्ज्वल योजना, जिसमें बीपीएल परिवार की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए जाते हैं, आदि नयी शुरुआत की गई जिससे संवृद्धि की प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाया जा सके.

जिस प्रकार भारत उच्च संवृद्धि की ओर बढ़ रहा है, उसके साथ साथ यूएस फेडेरल रि. जर्व द्वारा मौद्रिक नीति सामान्यीकरण के फलस्वरुप वैश्विक वित्तीय बाज़ार में अस्थिरता, यूएस में संरक्षणवादी झुकाव तथा भू-राजनीतिक जोखिम से नकारात्मक जोखिम भी बढ़ रहे हैं. विभिन्न ताकतें जो भारतीय अर्थव्यवस्था को एक स्वरुप प्रदान कर रही हैं, को ध्यान में रखते हुए सरकार, साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जैसे आईएमएफ, विश्व बैंक एवं एडीबी भारत में वित्तीय वर्ष 2018 में 7.5% के आस पास की संवृद्धि की अपेक्षा करते हैं. अभी और उच्च स्थायी वृद्धि दर हासिल करने हेतु वर्तमान परिस्थितियों में समष्टि अर्थशास्त्र की बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान देना होगा. निजी क्षेत्रों में निवेश में गिरावट का रुख, कार्पोरेटस् क़ा कमजोर तुलनपत्र एवं बैंकिंग सेक्टर में उच्च स्तर की दबावग्रस्त आस्तियां जैसी चुनौतियां भारतीय अर्थव्यवस्था की भावी स्थायी वृद्धि को प्रभावित करेंगी.

भारतीय बैंकिंग में विकास

सितंबर 2016 में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के गठन के साथ ही मौद्रिक नीति में भारी परिवर्तन हुए. एमपीसी की स्थापना के साथ ही मुद्रास्फीति के संबंध में अगस्त

2016 से मार्च 2021 तक की अवधि के लिए +/- 2% की रेंज के साथ 4% के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आरबीआई गवर्नर के बजाए समिति अब नीति ब्याज दर का निर्धारण करती है. एमपीसी व्यवस्था के अंतर्गत पहली नीति की घोषणा 04 अक्टूबर 2016 को की गई. आरबीआई द्वारा अक्टूबर 2016 में रेपो रेट में 25 बीपीएस की कटौती की गई लेकिन उसके पश्चात दर की स्थिति को बनाए रखा गया, क्योंकि कोर मुद्रास्फीति लगभग 4.5% पर स्थिर रही और विमुद्रीकरण के कारण चलनिधि सहज स्थिति में रही. यद्यपि आरबीआई ने 08 फरवरी, 2017 को घोषित 6 ठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में उदारता से उदासीनता की ओर बदलाव किया. 6 ठवीं द्विमासिक नीति की समीक्षा में आरबीआई ने अप्रैल 2017 की अपनी नीति में रिवर्स रेपो रेट में वृद्धि करते हुए एलएएफ में कटौती की. इसके वावजूद कि आरबीआई ने वर्ष के अधिकांश समय में रेट को एक समान रखा, बैंकों ने सिस्टम में अधिशेष चलनिधि के कारण एमसीएलआर तथा जमा दरों में कटौती की. बैंकिंग सेक्टर ने एसबीएन को वापस लिए जाने के पश्चात उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया.

08 नवंबर से 31 दिसंबर 2016 की अवधि के दौरान पुराने नोटों को नये नोटों से बदलने की परिचालनगत चुनौतियों के साथ-साथ कुछ समय के लिए आस्ति गुणवत्ता कारणों से बैंकों का कार्य निष्पादन मंदा रहा. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2017 में बैंकिंग सेक्टर में क्रेडिट संवृद्धि में वर्ष दर वर्ष आधार पर कई वर्षों की तुलना में 5.1% की गिरावट आई.

खेल परिवर्तक पहल के रुप में दिवालियापन संहिता जिसके अंतर्गत 180 दिनों के उल्लंघन के साथ ही समाधान पर विचार हेतु घोषित उद्देश्य द्वारा, समाधान की दिशा में मूल परिवर्तन लाने की संभावना है. यद्यपि दिवालियापन संहिता के प्रयोग को प्रभावी बनाने हेतु संस्थागत बुनियादी संरचनागत आवश्यक्ताओं को पूरा होने में अभी कुछ समय लग सकता है, इसकी एक अच्छी दिशा में शुरुआत हुई है, जैसा कि कुछ मामलों की दिवालियापन संहिता के अंतर्गत सुनवाई भी की गई है. दिवालियापन सम्बंधी विधि विकास के अतिरिक्त, 5:25 एसडीआर, एस4ए की वर्तमान योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु इसे संशोधित किया गया है. आरबीआई ने बड़ी कम्पनियों के मामले में प्रक्रियागत जोखिम को कम करने हेतु बैंक जोखिम को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं तथा ऐसे बॉंड पर कूपन के भुगतान में आरक्षित निधियों के प्रयोग की अनुमति प्रदान कर एटी1 बॉंड को आकर्षित बनाने हेतु इसके प्रतिबंध में ढील दी गई है. बैंकिंग सिस्टम की दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान हेतु बैड बैंक की स्थापना की संभावना पर भी विचार किया गया. एक बैड बैंक द्वारा बैंकिंग सेक्टर की दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान की संभावना है लेकिन उसे तार्किक एवं पूंजीगत चुनौतियों का सामना करना होगा.

विमुद्रीकरण ने वैकल्पिक भुगतान प्रणाली को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए अवसर प्रदान किया जिसे सरकार तथा आरबीआई द्वारा भुगतान पर लगने वाले प्रभार एवं संव्यवहार पर लागू लेवी में कटौती करते हुए प्रोत्साहित किया गया. यूएसएसडी सेवाओं पर प्रभार में भी कटौती की गई. इसके अतिरिक्त 31 दिसंबर, 2016 को भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी) ऐप की शुरुआत की गई जिसका प्रयोग अन्य यूपीआई ऐप एवं बैंक खातों के साथ किया जा सकता है. भीम की विशेषता यह है कि इसमें भुगतान अथवा निधि अंतरण हेतु बैंक खाते अथवा वर्च्यूअल भुगतान पते की आवश्यक्ता नहीं होती. जिस चीज की आवश्यकता होती है वह है सिर्फ पानेवाला का मोबाईल नंबर. यह किसी बैंक विशेष का ऐप नहीं है और इसकी शुरुआत शहर के साथ ही साथ ग्रामीण जनसमुदाय द्वारा नकदी रहित संव्यवहार को बढ़ावा देने हेतु किया गया है.

01 अप्रैल 2017 से एसबीआई के सहयोगी बैंकों एवं भारतीय महिला बैंक के एसबीआई में समामेलन के साथ ही बैंकिंग परिदृश्य में बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं. ऐसा माना जा रहा है कि बैंकिंग क्षेत्र में समेकन, संबंधित दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान में मदद करेगा, साथ ही सकारात्मक सहक्रिया को मूर्त रुप प्रदान करने में सहायता मिलेगी, जिससे इस क्षेत्र के कार्यनिष्पादन में सुधार आएगा.

नये भुगतान बैंकों जैसे भारतीय पोस्ट भुगतान बैंक लिमिटेड एवं एयरटेल भुगतान बैंक ने वर्ष के दौरान अपना परिचालन शुरु कर दिया है, इसके अतिरिक्त 6 और छोटे फाईनेंस बैंकों ने अपने परिचालन शुरु किए हैं. नये प्रदाताओं के आगमन तथा डिजिटल भुगतान की आदतों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा किए गए लगातार प्रयासों से भारत में बैंकिंग में प्रतिस्पर्धात्मक एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य में तीव्र गति से परिवर्तन हो रहे हैं एवं बैंकों को एक नये अंदाज में व्यवसाय मॉडल विकसित कर प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने पर दबाव बना रहे हैं.

व्यवसाय कार्य-निष्पादन

हमारे बैंक के व्यवसाय कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

संसाधन संग्रहण एवं ऋण विस्तार

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.16	31.03.17	वृद्धि(%)
जमाराशियां	**5,74,037.87**	**6,01,675.17**	**4.81**
जिसमें से- घरेलू जमाराशियां	3,94,843.97	4,40,092.15	11.46
अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां	1,79,193.90	1,61,583.02	(9.83)
घरेलू जमाराशियां	**3,94,843.97**	**4,40,092.15**	
जिसमें से - चालू खाता जमाराशियां	19,285.57	26,761.77	38.76
बचत बैंक जमाराशियां	1,13,253.07	1,46,831.82	29.65
कासा जमाराशियां	1,32,538.64	1,73,593.59	30.98
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	**33.57**	**39.44**	
अग्रिम	**3,83,770.18**	**3,83,259.22**	**(0.13)**
जिसमें से- घरेलू अग्रिम	2,63,268.38	2,77,523.73	5.42
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	1,20,501.80	1,05,735.49	(12.25)
कुल आस्तियां	**6,71,376.48**	**6,94,875.42**	**3.50**

हमारे बैंक की कुल जमाराशियां 4.81% की वृद्धि के साथ गत वर्ष के ₹ 5,74,037.87 करोड़ से बढ़कर ₹ 6,01,675.17 करोड हो गई. घरेलू कासा 30.98% की सुदृढ़ वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2016 के ₹ 1,32,538.64 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को ₹ 1,73,593.59 करोड़ पर पहुंच गई. इसमें बचत बैंक जमाराशियां 29.65% की वृद्धि के साथ ₹ 1,13,253.07 करोड़ से ₹ 1,46,831.82 करोड़ पर पहुंच गई. 31 मार्च, 2017 को घरेलू जमाराशियों में कासा जमाराशियों का हिस्सा पिछले वर्ष के 33.57% से बढ़कर 39.44% हो गया. एक विवेकपूर्ण देयता प्रबंधन उपाय के रूप में आपका बैंक लगातार रिटेल सावधि जमाराशियों से थोक अधिमान्य सावधि जमाराशियों को कम कर रहा है. घरेलू रिटेल सावधि जमा अनुपात पिछले वर्ष के 73.96% से बढ़कर 31.03.2017 को 77.55% हो गया. वर्ष के दौरान सितंबर-नवंबर 2013 की विशेष एफसीएनआर (बी) योजना जमाओं की लगभग ₹ 11,500 करोड़ की जमाराशियां का भुगतान किया गया.

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान कासा जमाराशियों में उल्लेखनीय वृद्धि आंशिक रूप से विमुद्रीकरण की अवधि के दौरान पुरानी मुद्रा की जमा से हुई. हालांकि विमुद्रीकरण प्रक्रिया से पहले बैंक ने 16% की सुदृढ़ कासा वृद्धि की जो संपूर्ण बैंक में खातों के सक्रियकरण और संबंधों को गहन करने के लिए शुरु किए कासा अभियानों तथा इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म में सुधार कर डिजिटलीकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने और पीओएस संस्थापन में वृद्धि आदि से हुई.

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान अपने बैंक के कुल अग्रिमों में कमी हुई जो प्रमुख रूप से अपनी ऋण बही के पुन: संतुलन पर ध्यान केंद्रित करने और विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय परिचालन में कम आय अर्जन वाली आस्तियों को कम कर उन्हें दीर्घावधि उच्च आय अर्जन वाले स्थानीय क्रेडिट में परिवर्तित करने के कारण हुई. वर्ष के दौरान सितंबर-नवंबर 2013 की विशेष एफसीएनआर (बी) योजना जमाओं के लगभग ₹ 10,000 करोड़ के ऋण पोर्टफोलियो का परिसमापन किया गया. हालांकि, जहां व्यवसाय रूपांतरण कार्यक्रम चल रहे थे और लाभप्रद परिणाम दे रहे थे, मुख्य रूप से ऐसी कॉर्पोरेट और खुदरा आस्तियों में वृद्धि के कारण वर्ष के दौरान घरेलू ऋण में 5.42% की वृद्धि हुई.

कुल आस्तियों में 3.50% की वृद्धि हुई जो 31 मार्च, 2016 के ₹ 6,71,376.48 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को ₹ 6,94,875.42 करोड़ हो गई.

विमुद्रीकरण

भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार - ₹ 500 और ₹ 1000 मूल्यवर्ग के पुराने मुद्रा नोट, जिन्हें विनिर्दिष्ट बैंक नोट (एसबीएन) कहा गया है, 09 नवंबर, 2016 से कानूनी रूप से वैध नहीं रहे. इन नोटों, जो परिचालन में कुल नोटों का 86% थे, को बैंक काउंटरों पर बदलने की अनुमति दी गई और इन्हें 30 दिसंबर, 2016 तक खाते में जमा करने के लिए बैंक में प्रस्तुत करना अनिवार्य था. एसबीएन के विमुद्रीकरण से आपके बैंक की शाखाओं के काउंटरों पर भारी भीड़ रही और इसने परिचालनगत क्षमताओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया. इस अवसर पर बैंक के सभी कर्मचारियों और समग्र मशीनरी को शाखाओं में भारी भीड़ को सेवाएं प्रदान करने तथा उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए लगाया गया. इस दौरान किए गए ट्रांजेक्शनों की संख्या सामान्य वॉल्यूम से बहुत अधिक थी. बैंक की शाखाओं में 10.11.16 से 30.12.16 तक हुए ट्रांजेक्शनों का विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	ट्रांजेक्शनों की संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)
शाखाओं में नकदी जमा	204.48	65,088
शाखाओं में नकदी आहरण	292.77	25,295
एटीएम पर नकदी आहरण	104.35	2,714
बीसी से नकदी आहरण	22.50	354
शाखाओं में पुरानी मुद्रा नोट बदली	30.83	1,078

उपरोक्त अवधि के दौरान 23 मिलियन से अधिक नए ग्राहक बैंक से जोड़े गए और 4 लाख से अधिक निष्क्रिय खाते सक्रिय किए गए.

विमुद्रीकरण की प्रक्रिया ने जहां बैंक की कासा जमाओं को बढ़ाने में मदद की, वहीं इसने डिजिटल और स्व-सेवा चैनलों की ओर ले जाने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया. इसने डेबिट/ क्रेडिट कार्डों के अलावा वैकल्पिक डिजिटल भुगतान प्रणालियों हेतु बाजार में पूर्ण महौल पैदा किया. बैंक ने विभिन्न डिजिटल उत्पादों में वृद्धि की और उन्हें सुदृढ़ बनाया तथा नए उत्पाद भी शुरू किए जिनका अलग से ब्यौरा डिजिटल खंड में दिया गया है.

परिचालन कार्यनिष्पादन:

बैंक के परिचालन कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	**31.03.16**	**31.03.17**	वृद्धि **(%)**
अर्जित ब्याज	44,061.27	42,199.92	(4.22)
दिया गया ब्याज	31,321.42	28,686.51	(8.41)
शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई)	**12,739.85**	**13,513.41**	**6.07**
अन्य आय	**4,998.86**	**6,758.06**	**35.19**
जिसमें से-शुल्क आय	3,599.28	3,813.22	5.95
व्यवसायिक लाभ	1,178.86	2,618.01	122.05
पीडब्ल्यूओ से वसूली	220.72	326.83	47.96
एनआईआई + अन्य आय	**17,738.71**	**20,271.47**	**14.27**
परिचालनगत खर्च	**8,923.14**	**9,296.40**	**4.18**
कर्मचारी खर्च	4,978.02	4,637.77	(6.83)
अन्य परिचालनगत खर्च	3,945.12	4,658.63	18.08
परिचालनगत लाभ	**8,815.58**	**10,975.07**	**24.49**
प्रावधान	**15,513.64**	**8,502.37**	**(45.19)**
जिसमें से:			
एनपीए एवं बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	13,765.89	7,679.79	(44.21)
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	(258.11)	776.58	-
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	341.47	19.29	(94.43)
अन्य प्रावधान	1,664.39	26.71	(98.44)
कर पूर्व लाभ	**(6,698.06)**	**2,472.70**	**-**
कर हेतु प्रावधान	**(1,302.53)**	**1,089.56**	**-**
शुद्ध लाभ	**(5,395.54)**	**1,383.14**	**-**
महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक			
जमाराशियों की औसत लागत (%)	5.05	4.78	
अग्रिमों पर औसत लाभ (%)	7.35	7.27	
शुद्ध ब्याज मार्जिन (%)	2.05	2.19	
लागत-आय अनुपात (%)	50.30	45.86	
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	(0.78)	0.20	
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	(17.64)	4.53	

अग्रिमों में मंद वृद्धि, एमसीएलआर में गिरावट, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के मद्देनजर एसडीआर तथा एस4ए खातों में ब्याज रिवर्सल के कारण बैंक की कुल ब्याज आय में 4.22% की कमी आई जो वित्त वर्ष 2016 के ₹ 44,061.27 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2017 में ₹ 42,199.92 करोड़ रही. अग्रिमों पर औसत लाभ (दैनिक औसत आधार पर) में मामूली गिरावट हुई जो वित्त वर्ष 2016 के 7.35% की अपेक्षाकृत वित्त वर्ष 2017 में 7.27% रहा.

कुल ब्याज खर्च में भी कमी आई जो वित्त वर्ष 2016 के ₹ 31,321.42 करोड घटकर वित्त वर्ष 2017 में ₹ 28,686.51 करोड़ रहा. वर्ष के दौरान जमाओं पर ब्याज खर्च में भी 8.41% की भारी कमी हुई. जमाओं की औसत लागत (दैनिक औसत आधार पर) वित्त वर्ष 2016 के 5.05% से घटकर वित्त वर्ष 2017 में 4.78% रही.

तदनुसार, बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) संशोधित आस्ति देयता प्रबंधन के कारण 6.07% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2016 के ₹ 12,739.85 करोड़ के स्तर से बढ़कर वित्त वर्ष 2017 के दौरान ₹ 13,513.41 करोड़ पर पहुंच गई.

ट्रेजरी आय के 122.05% की वृद्धि के साथ ₹ 2,618.01 करोड़ होने तथा कोर शुल्क आय के 5.95% की वृद्धि के साथ ₹ 3,813.22 करोड़ होने के कारण बैंक की अन्य आय 35.19% की वृद्धि के साथ ₹ 6758.06 करोड़ रही. वर्ष के दौरान बैंक कम ब्याज दर परिवेश का लाभ उठाने में सफल रहा और घरेलू परिचालन में संतुलित ऋण वृद्धि

तथा अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में पुन: वृद्धि के चलते कोर शुल्क आय में 5.95% की वृद्धि दर्ज की. बट्टे खाते किए गए खातों में ₹ 326.83 करोड़ की वसूली ने 47.96% की वृद्धि दर्ज की.

परिचालन खर्च 4.18% की वृद्धि के साथ ₹ 9,296.40 करोड़ रहा. जबकि वर्ष के दौरान मूल प्रभाव के कारण कर्मचारी खर्च में 6.83% की कमी हुई जो 4,637.77 करोड़ रुपये रहा, अन्य परिचालन खर्च 18.08% की वृद्धि के साथ ₹ 4,658.63 करोड़ रहा जिसमें विमुद्रीकरण प्रक्रिया के दौरान खर्च किया गया अतिरिक्त व्यय भी शामिल है.

बैंक ने वित्त वर्ष 2017 के दौरान 24.49% की वृद्धि करते हुए ₹ 10,975.07 करोड़ का परिचालनगत लाभ दर्ज किया है. प्रावधान लागत (करों के अलावा) गत वर्ष के ₹ 15,513.64 करोड़ की तुलना में 45.19% की उल्लेखनीय कमी के साथ ₹ 8,502.37 करोड़ रही. एनपीए और बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण हेतु प्रावधानों में भी 44.21% की कमी हुई जो ₹ 7,679.79 करोड़ रहे.

बैंक ने ₹ 2,472.70 करोड़ का कर पूर्व लाभ दर्ज किया. कर हेतु ₹ 1,089.56 करोड़ के प्रावधान किए जाने के बाद 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष हेतु शुद्ध लाभ ₹ 1,383.14 करोड़ रहा.

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए औसत आस्तियों पर प्रतिफल 0.20% रहा जबकि इक्विटी पर प्रतिफल 4.53% रहा.

व्यवसाय रूपांतरण यात्रा - प्रोजेक्ट नवोदय

वर्ष के दौरान हमारे बैंक ने ''प्रोजेक्ट नवोदय" नाम से एक व्यापक व्यवसाय रूपांतरण प्रक्रिया प्रारंभ की है. बैंक का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के साथ अंतराल को मिटा समयोपरि त्वरित और लाभप्रद संवृद्धि करना है. बैंक समसामयिक पूर्ण-सेवा सर्वव्यापी बैंक बनने तथा वैश्विक स्तर का भारत का प्रमुख बैंक बनने के लिए अलग तरह की कार्यनीति बना रहा है जो:

- 'अंडर सर्व्ड' ग्राहक वर्ग पर ध्यान केंद्रित करना (जैसे कि कृषि एवं वित्तीय समावेशन को मिलाकर समेकित ग्रामीण बैंकिंग, सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का समर्थन)
- 'वेल - सर्व्ड' वर्ग के लिए ऋण एवं जमाराशिओं से परे समाधान उपलब्ध कराना, नकदी प्रवाह एवं संव्यवहारों को कैप्चर करना, विशेषकर कार्पोरेट, एमएसएमई तथा रिटेल के लिए.
- महत्वपूर्ण परिवर्तक बनने के लिए अंतराष्ट्रीय नेटवर्क बनाना, एकल आरएम का प्रस्ताव, नेटवर्क में प्रतिमोच्य सीमा और बहु मौद्रिक वित्तीय पोषित क्षमता को विकसित करना.
- कोर तकनीनी समर्थन को डिजिटल बनाना तथा एक नया डिजिटल प्लेटफार्म निर्मित करना.

  बैंक ने सभी व्यवसायिक ईकाइयों तथा कार्यालयों में विभिन्न पहलों के माध्यम से इस परिपल्पना को क्रियांवित करने की प्रक्रिया शुरू की है, 5 मूल डायमेंशन्स की संरचना की है.
- दवाबग्रस्त आस्तियों को प्रबंधित करने के दौरान 'कोर' व्यवसाय ईकाइयों (रिटेल, कार्पोरेट, एमएसएमई, ग्रामीण एवं कृषि तथा अंतराष्ट्रीय) का रूपांतरण तथा वृद्धि करना
- भविष्य के लिए क्षमताओं का निर्माण (उदाहरण स्वरूप सप्लाई चेन फाइनेंसिंग जैसे नए उत्पादों नकदी प्रबंधन, डिजिटल, धन संपदा प्रबंधन तथा दक्षता बढ़ाने हेतु परिचालन को केंद्रीकृत करना)
- समर्पित नेतृत्व क्षमता तथा प्रतिभा पहलों के माध्यम से संस्था को 'पोषित' करना तथा प्रतिभा को सामने लाना.
- क्रियान्वयन तथा दक्षता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के माध्यम से 'बड़ा परिवर्तन' तथा 'क्रमबद्ध परिवर्तन' करना.
- नये सहयोगी बनाना तथा नई पहल करना.

बैंक ने सभी व्यवसाय खंडो, कार्यालयों / प्रक्रियाओं में 120 से अधिक नीतिगत पहलों को निर्धारित किया है. इन पहलों कों लागू करने के लिए परियोजना प्रबंधन कार्यालय (पीएमओ) की स्थापना की गई है, जिसकी सहायता 100 चेंज लीडर्स के द्वारा की जा रही है जो कि चेंज मैनेजमेंट के विचारों को निचले स्तर की टीम तक पहुंचाएंगे. इस परियोजना का क्रियान्वयन शुरू हुआ तथा बैंक लगातार इस रूपांतरण की यात्रा पर अग्रसर है. इस दिशा में उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकरी निदेशक रिपोर्ट की संबंधित मद में दी गई है.

कार्पोरेट क्रेडिट

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान लार्ज कार्पोरेट एवं मिड कार्पोरेट विभागों का विलय किया गया. पूरे भारत में 9 कार्पोरेट वित्तीय शाखाएं (सीएफएस) एवं 14 मिड कार्पोरेट शाखाएं कार्य कर रही हैं तथा कार्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलिओ के 85% भाग का प्रबंधन कर रही हैं. कार्पोरेट क्रेडिट बैंक के कुल घरेलू अग्रिमों में 48% का योगदान कर रहा है. वर्ष के दौरान 117 नए कार्पोरेट ग्राहक जोड़े गए.

व्यवसाय रूपांतरण की कड़ी के रूप में आपका बैंक कार्पोरेट बैंकिंग मॉड्यूल को पुन:निर्मित / पुननिर्मित तथा पुन: परिभाषित करने की प्रक्रिया में है. ऋण और जमाओं से परे क्षमताओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है ताकि बैंक ज्ञान आधारित, संबंधों को प्रमुखता देने वालों कार्पोरेट बैंक बन सके. इसके लिए कई कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं. बैंक ने मानकीकृत ऋण मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ टीम के साथ केंद्रीकृत क्रेडिट वर्टिकल की स्थापना की है. यह लक्ष्य समूह की पहचान करने तथा बैंक के लिए मार्केट उपलब्ध कराने का अनुपूरक है. सीएफएस एवं मिड कार्पोरेट शाखाओं द्वारा तकनीकी रूप से दक्ष रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम) मॉडल अपनाया गया. समर्पित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के द्वारा इन रिलेशनशिप मैनेजर (आरएमएस) का सहयोग किया जाता है. आपके बैंक ने लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मूल्य निर्धारण नीति स्थायी संबंध बनाने हेतु पुननिर्मित किया है तथा अच्छे वॉलेट शेयर एवं प्रक्रियाओं का निर्धारन तथा प्राप्त करने एवं एवं प्रक्रियाओं लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित किया है एवं संस्थागत खातों को नियोजित किया है. बहु - मौद्रिक सुविधाओं के साथ बहु भौगोलिक क्षेत्रों के ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के रूप में अंतराष्ट्रीय व्यवसाय का लाभ उठाया गया है.

जहाँ उक्त सभी उपाय का उद्देश्य कार्पोरेट क्रेडिट डिलिवरी की दिशा में पुर्ननिर्माण करना तथा लक्ष्य बाजारों का निर्धारण करना है, वहीं प्रणाली को सशक्त बनाया गया ताकि ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सके. बैंक ने वाह्य क्रेडिट एजेंसियों को नियुक्त किया है तथा समुचित सावधानी से वित्तीय / बाजार के लिए क्रेडिट ब्यूरो की सेवाओं का उपयोग कर रहा है. इन उपायों के परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो की ऋण गुणवत्ता में सुधार हुआ है जिसे नीचे दिए गए घरेलू ऋण पोर्टफोलियो की रेटिंग वितरण में भी देखा जा सकता है:

ऋण रेटिंग वितरण	वित्तीय वर्ष 2016	वित्तीय वर्ष 2017
ए एवं अधिक	29.26%	39.27%
बीबीबी	14.14%	15.77%
बीबीबी से नीचे	19.42%	21.80%
रेटिंग नहीं की गई	36.88%	23.16%

* ₹ 5.00 करोड़ एवं उससे ऊपर के अग्रिमों का वाह्य रेटिंग वितरण.

इन कदमों के साथ ही साथ कार्पोरेट ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए नए उत्पाद जैसे सप्लाई चेन फाइनेंसिंग, नकदी प्रबंधन तथा ट्रेड फाइनेंस के लिए इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म को तैयार किया गया है. इन उत्पादों में से एक उत्पाद यथा सप्लाई चेन फाइनेंसिंग शुभारंभ से पूर्व जाँच की अंतिम अवस्था में है.

एमएसएमई ऋण

एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो कृषि के बाद लाखों लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा हैं. हमारा बैंक 54 एसएमई लोन फैक्ट्रियों तथा शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के जरिये इस क्षेत्र को सहयोग प्रदान करता है. बैंक का 31 मार्च, 2017 के अंत में हमारे बैंक का एमएसएमई अग्रिम ₹ 58,090 करोड़ रहा. 31 मार्च, 2017 को हमारे बैंक के सकल घरेलू अग्रिमों में एमएसएमई अग्रिमों का योगदान 19.50% रहा. सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिम का स्तर ₹ 50,413 करोड़ था. हमारा बैंक प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाय) में सक्रिय रुप से भाग ले रहा है तथा माईक्रो इंटरप्राइजेज श्रेणी में खातों की संख्या में प्रधान मंत्री टास्क़ फोर्स द्वारा निर्धारित 10% के लक्ष्य के सापेक्ष 16% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि हासिल की.

व्यवसाय रूपांतरण की कड़ी के रूप में, बैंक बिक्री तथा संसाधन टीम पर फिनटेक एवं ई कॉमर्स कंपनियों के साथ नीतिगत साझेदारी करते हुए सहवर्ती टाईअप किये हैं. बैंक के एसएमई विभाग की कार्यनीति का मूल तत्व है प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (गैर - कृषिगत), तथा सरकारी कार्यक्रमों, जैसे कि स्टैंड अप इंडिया पारंपरिक लघु एवं मध्यम उद्यमी ग्राहकों के लिए लक्षित उत्पाद कार्यक्रम (भौगोलिक तथा औद्योगिक विशेष) की रूप - रेखा तैयार करना प्राथमिक माईक्रो तौर पर एंटरप्राइज को लक्ष्य करते हुए ग्राहकों को सहयोग देने के लिए बैंक के डेटा (जैसे कि सीए बैलेंसेस, पीओएस संव्यवहार डेटा, एमएसएमई मालिकों द्वारा लिए गए रिटेल ऋण के पुनर्भुगतान के विवरण) का लाभ उठाकर उत्पाद तैयार करना, पूर्ण रूप से ऑनलाइन एमएसएमई ऋण प्लेटफार्म का निर्माण कर विकासशील डिजिटल ऋण अवसरों का लाभ लेना, सप्लाई चेन फाइनेंस तथा ई - कॉमर्स सेलर फाइनेंस में मौजूदा एवं उभरते हुए इको सिसटम को लक्ष्य करते हुए उत्पादों का विकास करना, एसएमई के लिए समर्पित और वर्टिकल बनाते हुए के द्वारा उच्च मूल्य वाले एमएसएमई संबंधों के निर्माण तथा उन्हे मजबूत करनेपर ध्यान केंद्रित करना, समर्पित बिक्री टीम आदि के माध्यम से एमएसएमई ग्राहकों को एफएक्स की प्रभावी बिक्री करना.

हमारे बैंक ने फिनटेक कंपनियों के साथ टाईअप किया है जिससे एमएसएमई ग्राहकों को बेहतर, त्वरित एवं किफायती सेवाएं प्रदान करने तथा बेहतर व समुचित सावधानी, विपणन के अवसरों एवं त्वरित सेवा प्रदान करने हेतु मूल्यवर्धन करने में बैंक को सहायता प्राप्त हो सके.

खुदरा ऋण

हमारे बैंक में खुदरा ऋण का वितरण मुख्य रुप से 71 स्पेशलाईज्ड मोर्गेज स्टोर (एसएमएस) तथा शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है. बैंक ने वर्ष के दौरान पणजी, वापी, जबलपुर, उदयपुर तथा गांधीनगर में -5- नये एसएमएस खोले हैं. बैंक ने खुदरा ऋण के उत्पादों जैसे ऋण सीमा में वृद्धि/आय गुणक/एफओआईआर/ आवास ऋण का जोखिम आधारित कीमत निर्धारण/ ऑटो लोन/ क्रेडिट ब्यूरो स्कोर के साथ लिंक मोर्गेज ऋण की समीक्षा और पुनर्संरचना की है, बैंक ने तीन अंचलों के लिए प्रायोगिक आधार पर बड़ौदा (अब गांधीनगर में स्थानांतरित) में केन्द्रीकृत प्रोसेसिंग केन्द्र(सीपीसी) की स्थापना द्वारा रिटेल क्रेडिट प्रक्रिया का केन्द्रीकरण किया है. बैंक ने आवास ऋण की सोर्सिंग/संयुक्त सोर्सिंग के लिए डीएसए नीति को अपनाया गया है. इसके अतिरिक्त बैंक ने गुणवत्तायुक्त आवास ऋण /व्यक्तिक ऋण व शैक्षणिक ऋण प्रस्तावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से चार डिजिटल डीएसए को सूचीबद्ध किया है.बैंक ने नकदी प्रवाह का प्रत्यक्ष समनुदेशन एवं अंतर्निहित प्रतिभूतियों द्वारा रिटेल आस्तियों की बिक्री एवं खरीद हेतु नीति भी बनाई गई है. बैंक ने कुछ नये उत्पाद जोड़े हैं, जैसे टॉपअप सुविधा विकल्प के साथ आवास ऋण का टेक ओवर, गैर वैयक्तिक को संपत्ति के बदले में ओडी, वर्तमान आवास ऋण उधारकर्ताओं एवं देयता ग्राहकों आदि को पूर्व अनुमोदित टॉपअप लोन, जिसकी सहायता से वर्ष के दौरान बैंक के रिटेल लोन पोर्टफोलियो में वृद्धि हुई है.

वर्ष के दौरान बैंक ने 25 चयनित शहरों में नये उत्पाद 'डेबिट कार्ड धारकों हेतु डेबिट कार्ड ईएमआई' की शुरुआत की है, जिससे कि ग्राहक विभिन्न ऑन-लाईन ई-कॉमर्स पोर्टल स्टोर्स से उत्पाद खरीद सकते हैं.

रिटेल क्रेडिट के अंतर्गत किए गए तथा किए जा रहे नवोन्मेषी कार्यों में प्रतिस्पर्धात्मक दरों के साथ तैयार की गई सरलीकृत ऋण मूल्य निर्धारण कस्टमाइज क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल, ग्राहकों की आवश्यकता की पूर्ति करने के अनुरूप तैयार किए गए उत्पाद, बिक्री सभ्यता को विकसित करने हेतु समर्पित बिक्री दल का गठन, आवास ऋण के लिए पूर्व अनुमोदित ऋण सीमा, विश्लेषकों द्वारा चलाए गए व्यक्तिगत ऋण तथा कार ऋण अभियान, आवास ऋण हेतु टॉप अप एवं सरलीकृत बकाया अंतरण कार्यक्रम, साझेदारियों, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों को न्यूनतम वित्तीय आवश्यकताओं के साथ एलएपी बढ़ाना, डेबिट कार्ड ईएमआई उत्पाद की शुरूआत तथा व्यवसाय बढ़ाने हेतु डीएसए के साथ साझेदारी शामिल है.

हमारे बैंक की रिटेल ऋण बही में पांच प्रमुख उत्पाद अर्थात आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति के पेटे ट्रेडर्स ऋण तथा मार्गेज ऋण शामिल हैं. ये 31 मार्च 2017 को कुल रिटेल ऋणों का 84.71% रहे. 31 मार्च 2017 को गृह ऋण ₹ 5,200 करोड़ (20.83%) की वृद्धि के साथ ₹ 30,168 करोड़ के स्तर पर गया. मार्गेज ऋण ₹ 1,767 करोड़ (92.35 %) की बढ़त के साथ ₹ 3,681 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया. ऑटो ऋण, ट्रेडर्स ऋण तथा शिक्षा ऋण क्रमश: ₹ 4,394 करोड़, ₹ 8,835 करोड़ तथा ₹ 2,054 करोड़ रहे. अन्य खुदरा ऋण उत्पादों में पर्सनल ऋण और अन्य विविध ऋण शामिल हैं.

31 मार्च 2017 को कुल रिटेल ऋण ₹ 57,994 करोड़ रहे जो बैंक के घरेलू अग्रिमों का 19.5% है.

ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र के ऋण :

हमारा बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि ऋण के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है. इसने अपनी 1812 ग्रामीण शाखाओं एवं 1523 अर्धशहरी शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण बाज़ार की संभावनाओं पूरा लाभ उठाया है. वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान बैंक द्वारा ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में 62 नई शाखाएं खोली गई.

बैंक के प्राथमिक क्षेत्र के अग्रिम मार्च 2016 के ₹ 1,13,121 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2017 को ₹ 1,27,672 करोड़ रहे जो कि समायोजित शुद्ध बैंक ऋणों (एएनबीसी) का 41.66% थे. बैंक के प्रत्यक्ष कृषि ऋण वर्ष के दौरान ₹ 1,858 करोड़ (6.61%) की शुद्ध वृद्धि के साथ ₹ 29,952 करोड़ रहे. आपके बैंक के कुल कृषि अग्रिमों में ₹ 10,475 करोड़ की वृद्धि हुई जो 31 मार्च, 2017 को ₹ 47,297 पर पहुंच गए. कुल कृषि अग्रिम एएनबीसी का 18.02% रहे.

व्यवसाय रूपांतरण की कड़ी के रूप में, कृषि एवं ग्रामीण कार्यनीति का केंद्रीकृत क्षेत्र किसानों को समर्थ बनाकर उनकी उत्पादकता को बढ़ाने, क्षतिपूर्ति / उगाही को बढ़ाने तथा भागीदारों के साथ मिलकर काम करने पर है. बैंक की समेकित ग्रामीण कार्यनीति के चार स्तंभ हैं (i) बैंक खाते का अधिकतम उपयोग, आधार सीडिंग के माध्यम से त्वरित खाता खोलना, स्वचालित मशीन के माध्यम से पिन जनरेट करना, तुरंत डेबिट कार्ड जारी करना तथा 20,000 बीसी तथा 04 लाख पीओएस टर्मिनल के माध्यम से नकदी लेन-देन के नेटवर्क को विस्तृत करना, (ii) सामान्य क्रेडिट (जैसे कि फसल ऋण)

से आगे बढ़कर विविध प्रकार की ग्रामीण ऋण कार्यनीति की ओर अग्रसर होना तथा समग्र ग्रामीण ग्राहक वर्ग में नई उत्पाद श्रेणियों अर्थात फार्म मशीनीकरण, बागबानी ऋण, फसल ऋण, वेयरहाऊस रसीद वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित करना और छोटे किसानों एवं समुदायों हेतु समुदाय आधारित ऋण मॉड्यूल अपनाना (iii) ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए वित्तीय सेवाएं प्रदाताओं, कृषि वित्तपोषण कंपनियों, बीमा कंपनियों, प्राइवेट इक्विटी फर्मों, बीज एवं उर्वरक कंपनियों, वेयरहाऊस एवं कोल्ड स्टोरेजों, ग्रामीण विश्वविद्यालयों, ड्रिप सिंचाई कंपनियों आदि जैसी कंपनियों एवं भागीदारों का इकोसिस्टम विकसित करना (iv) बैंक में एकीकृत ग्रामीण बैंकिंग संगठन स्थापित करना जो ग्रामीण एवं वित्तीय समावेशन संबंधी पहलें करेगा.

ग्रामीण इकोसिस्टम बनाने के लिए आरएमएल एजीटीईसीएच, किसानों को फसल के चयन से लेकर मार्केटिंग तक का तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने वाली तकनीकी कंपनी, सहित प्रमुख एग्री कंपनियों के साथ कार्यनीतिक भागीदारी की गई ताकि किसानों की उत्पादकता एवं लाभप्रदता को सुधारा जा सके, अग्रणी लघु सिंचाई कंपनियों जैसे नेटाफिम इरिगेशन इंडिया प्रा. लि. तथा जैन इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड के साथ समझौता किया ताकि लघु सिंचाई उपकरण खरीदने हेतु किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जा सके, पांच कोलेट्रल मैनेजरों जैसे कि ऐडलवेज एग्री वैल्यू चेन लि., श्री शुभम लॉजिस्टिक लिमिटेड, सिद्धिविनायक एग्री प्रोसेसिंग प्रा. लि., सीएक्सएन कोर्पोरेशन लि. तथा आर्य कोलेट्रल वेयरहाउसिंग सर्विसेस प्रा. लि. के साथ समझौता किया गया ताकि डिस्ट्रेस सेलिंग से बचाने के लिए किसानों को वित्तपोषित किया जा सके, दुधारू पशु खरीदने हेतु किसानों को वित्त उपलब्ध कराने हेतु डेयरी कंपनियों अर्थात हेरिटेज फूड लिमिटेड एवं क्वालिटी लिमिटेड के साथ समझौता किया गया, किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए गांव वालों को प्रशिक्षण प्रदान करने और अनुसंधान गतिविधियों के आयोजन के लिए पीएसजी कॉलेज ऑफ़ आर्टस एण्ड साईन्स के साथ समझौता किया गया.

वित्तीय वर्ष 17 के दौरान अ.जा./अ.ज.जा. को अग्रिम अ.जा./अ.ज.जा. समुदाय को दिया गया ऋण 31 मार्च, 2016 के ₹ 5,298 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2017 को ₹ 5,312 करोड़ पर पहुंच गया. बैंक द्वारा कमजोर तबकों को प्रदत्त कुल अग्रिमों में अ.जा./अ.ज.जा. को प्रदान किए गए अग्रिमों का हिस्सा 14.19 % रहा. इसके अलावा आपके बैंक ने सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) आदि के अंतर्गत अ.जा./अ.ज.जा. समुदाय को वित्तपोषित करने पर विशेष बल दिया है.

स्टैण्ड - अप इंडिया : अ.जा./अ.ज.जा. एवं महिला सेगमेंट में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के द्वारा स्टैण्ड - अप इंडिया की पहल की गई. वित्तीय वर्ष 17 के दौरान बैंक ने स्टैण्ड - अप इंडिया योजना के अंतर्गत कुल 1063 ऋण स्वीकृत किया है. 31 मार्च 2017 तक इस योजना के अंतर्गत कुल ₹ 223.59 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों सहित समाज के सभी वर्गों को अल्प लागत पर सामान्य बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के कार्य को आपके बैंक ने न सिर्फ सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में लिया, बल्कि स्थायी आईसीटी आधारित डिलिवरी चैनलों के माध्यम से व्यवसायिक अवसर तलाशने के रूप में भी लिया.

भारत सरकार के डिजिटल कार्यक्रम के साथ वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने हेतु हमारे बैंक ने कई पहलें की हैं. जैसे कि :-

- आधार सीडिंग द्वारा खातों को त्वरित खोलने, स्वचालित मशीन के माध्यम से पिन जनरेट करने और तुरंत डेबिट कार्ड जारी करने की सुविधा के साथ खाता खोलने की प्रक्रिया का डिजिटलीकरण.
- नकदी को कम करने हेतु समूचे ग्रामीण समुदाय की मदद करने के लिए व्यापक मोबाइल बैंकिंग सोल्यूशन.
- वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों जैसे एटीएम, एसएमएस, इंटरनेट बैंकिंग, बीसी प्वाइंट आदि के माध्यम से आधार नंबर दर्ज करना.
- बीसी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म तथा टेबल - टॉप एटीएम लगाना.
- बीसी मॉडल का अत्यधिक विस्तार
- एसएचजी / जेएलजी – आधारित ऋण वितरण अभियान चलाना
- जमा संग्रहण, एनपीए एवं पीड्ब्लूओ सहित छोटे ऋण खातों में वसूली एवं फॉलोऑफ जैसी बीसी सेवाओं के क्षेत्र को बढ़ाना तथा उन्हें वित्तीय रूप से व्यवहार्य रखने हेतु इसके लिए विशेष प्रोत्साहन देना.
- इंटरनेट बैंकिंग एवं एसएमएस इत्यादि के माध्यम से लघु बीमा योजनाओं जैसे पीएमएसबीवाई तथा पीएमजेजेबीवाई में पंजीकरण.

बीसी केन्द्रों पर जो उत्पाद/सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, वे इस प्रकार हैं : अंतर्निहित ओडी सुविधा सहित बेसिक बचत जमा खाते खोलना, तत्काल खाते खोलना/ ई-केवाईसी के माध्यम से खाते खोलना, नकद निकासी, नकद जमा व निधि अंतरण, आधार आधारित नकद निकासी, जमा व निधि अंतरण (एईपीएस), कार्ड आधारित नकद निकासी, आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा), चालू खाते में जमा, नकद ऋण खाता, ओडी खाता, ऋण खाता, सावधि जमा खाता, माइक्रो बीमा - पीएमजेजेबीवाई तथा पीएमएसबीवाई, आधार सीडिंग, मोबाईल सीडिंग, अटल पेंशन योजना इत्यादि.

शहरी वित्तीय समावेशन: ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों के अलावा शहरी क्षेत्र में भी लोगों का एक गरीब तबका है इसमें गावों से शहरी क्षेत्र में आकर बसे वे लोग भी शामिल हैं जो अभी भी सामान्य बैंकिंग सेवाओं से वंचित हैं. इन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाने हेतु हमारे बैंक ने कियोस्क मॉडल के अंतर्गत पूरे देश भर में विभिन्न स्थानों पर 9177 शहरी बीसी तैनात किए हैं.

प्रधानमंत्री जन-धन योजना प्रधानमंत्री जन-धन योजना एक विस्तृत वित्तीय समावेशन योजना है इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए इसका दायरा और बढ़ाया गया है. प्रत्येक परिवार जिसका बैंक खाता हो वह बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं का लाभ उठा सकेगा. यह उन्हें उनकी बचत को एक औपचारिक बैंकिंग सिस्टम में बेहतर ढंग से सुरक्षित रखने एवं अनौपचारिक स्रोतों से धन जुटाने की आदत से बाहर आने में सक्षम बनाएगा. प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत खाता खुलवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रूपे डेबिट कार्ड मिलेगा तथा वह ₹ 1 लाख की दुर्घटना बीमा कवर हेतु पात्र होगा. खाते के 6 महीनों तक संतोषजनक संचालन के पश्चात वह ₹ 5000/- की ओवरड्राफ्ट सुविधा हेतु पात्र होगा. जिन खाताधारकों ने 15.08.2014 से 31.01.2015 के बीच खाते खुलवाए हैं, उन्हें भारतीय जीवन बीमा निगम से ₹ 30,000/- का अतिरिक्त मीयादी जीवन बीमा कवर प्राप्त होगा. वित्तीय साक्षरता पीएमजेडीवाई का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है.

प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत बैंक के पास 31 मार्च 2016 के कुल 125.29 लाख खाते और ₹ 2500 करोड़ राशि की तुलना में 31 मार्च 2017 को कुल 196.40 लाख खाते हैं, जिनमें ₹ 4747 करोड़ राशि जमा है. खातों की संख्या में 56.76% तथा राशि में 89.88% की वृद्धि हुई है. बैंक ने 31 मार्च 2016 को 118.91 लाख रूपे कार्ड जारी किए थे जबकि 31 मार्च 2017 तक बैंक ने पात्र पीएमजेडीवाई खातों में 184.78 लाख रूपे कार्ड जारी किए हैं. 31 मार्च 2017 तक इन खातों में आधार सीडिंग की स्थिति 72.87% है, जो 31 मार्च 2016 में 44.37% थी. 31 मार्च 2017 तक बैंक ने पीएमजेजेबीवाई (जीवन बीमा) के अंतर्गत 15.57 लाख ग्राहकों तथा पीएमएसबीवाई (दुर्घटना बीमा) के अंतर्गत 44.37 लाख ग्राहकों को पंजीकृत किया है.

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

हमारे बैंक ने तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रायोजित किए हैं यथा बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक. इन तीन ग्रामीण बैंकों का कुल व्यवसाय 2016 में ₹ 42,347.52 करोड़ के सापेक्ष 17.73% की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च, 2017 में ₹ 49,854 करोड़ हो गया. इन तीनों ग्रामीण बैंकों ने सकल रुप में मार्च, 2017 में ₹ 202.31 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष के दौरान ₹ 168.54 करोड़ था. इन तीनों ग्रामीण बैंकों की कुल शुद्ध मालियत ₹ 2,019.56 करोड़ से सुधर कर 31.03.2017 को ₹ 2,221.87 करोड़ हो गई.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हमारा बैंक भारतीय कॉर्पोरेटों की आवश्यकताओं को पूरा कर, भारतीय तथा स्थानीय निगमित कंपनियों/फर्मों के लिए भारत से जुड़े सीमा पार के व्यापार प्रवाह को सेवाएं प्रदान कर प्रवासी भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए पसंदीदा बैंक बन कर विकास तथा मूल्य संवर्धन की कार्यनीति का अनुसरण कर रहा है. मूल्य का निर्वाह करने हेतु हमारे बैंक ने केंद्रीकृत बैक ऑफ़िस की स्थापना करके आंतरिक परिचालन में सुधार करने की योजना बनाया है, नियंत्रण एवं अनुपालन को सशक्त बनाकर व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित करने हेतु भौगोलिक क्लस्टर को अपनाया है, परिचालन के स्थानीय दक्षता में वृद्धि की है तथा लागत दक्षता के लिए डिजिटल क्षमता का निर्माण किया है.

31 मार्च, 2017 तक हमारे बैंक की विदेशी शाखाओं का कुल व्यवसाय ₹ 267,318 करोड़ था जो कि वैश्विक व्यवसाय का 27.14% है. कुल जमाएं ₹ 161,583 करोड़ थी जबकि कुल अग्रिम ₹ 105,735 करोड़ था. यह अंतर्राष्ट्रीय परिचालन के लिए समेकन का वर्ष था. वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय परिचालन का परिचलात्मक लाभ ₹ 2,039 करोड़ तथा कुल लाभ ₹ 560 करोड़ रहा. बैंक ने वैश्विक परिदृश्य में असंशोधित वृद्धि दर्ज की तथा अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन की रणनीति में सुधार किया. हमारे बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता तथा लाभप्रदता में वृद्धि करने के पोर्टफोलियो में संतुलन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है. इस वर्ष विशेष एफसीएनआर (बी) योजना सितंबर - नवंबर 2013 के अंतर्गत जमाओं के आस्ति पोर्टफोलियो के एवज में लगभग ₹ 10,000 करोड़ का लिक्वीडेशन आया है.

31 मार्च 2017 तक, कुल अंतर्राष्ट्रीय ऋण-बही में 48.14% बायर्स क्रेडिट / बीपी/ बीडी पोर्टफोलियो शामिल था जबकि एक्सपोजर बैंक के पास था. ईसीबी/सिंडिकेटेड ऋण के रूप में 22.53% एक्सपोजर भारत से संबंधित कार्पोरेट के थे. गैर भारतीय एक्सपोजर सिंडिकेटेड ऋण के रूप में 4.62% तथा शेष 25.71% एक्सपोजर स्थानीय ऋण के रूप में थे.

वर्ष के दौरान बैंक ने पूंजी का इष्टतम अभियोजन करने के लिए विदेशी शाखाओं से यूएस $ 138 मिलियन आधिक्य पूंजी निधियों का प्रत्यावर्तन किया.

बैंक की विदेशी अनुषंगियां लगातार बेहतर कार्यनिष्पादन कर रही हैं तथा इनका ध्यान स्वस्थ आस्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता में सुधार करने पर केंद्रित रहता है.

बैंक ने अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को सुदृढ़ एवं पुनर्गठित करने की दिशा में कदम उठाया है. भावी वैश्विक परिदृश्य में यह अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में जोखिमों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है. बैंक अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालन, जिसमें वर्तमान परिवेश में सफल नही सिद्ध होने वाले कुछ केंद्रों को बदलना भी शामिल है, पर विचार कर रही है.

यू.के. अनुषंगी

हमारा बैंक यूके में खुदरा व्यवसाय में अपना स्थान बनाने के लिए 100% स्वामित्व वाली अनुषंगी की योजना बना रहा है, जो बैंक के खुदरा व्यवसाय को बढ़ावा देने के साथ ही साथ स्थानीय नियामक के दिशा-निर्देशों का अनुपालन भी करेगी.

ट्रेजरी परिचालन

हमारे बैंक में ट्रेजरी परिचालन कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई स्थित अति आधुनिक डीलिंग रूम से किया जाता है. ट्रेजरी, घरेलू ट्रेजरी परिचालन का कार्य संचालित करता है तथा विभिन्न मार्केट कार्यकलापों जैसे विदेशी विनिमय, ब्याज दरें, सावधि आय, मनी मार्केट, डेरीवेटिव, इक्विटी, करेंसी, फ्यूचर्स ब्याज दर और अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है. बैंक पूरे भारतवर्ष में विदेशी विनिमय हेतु अधिकृत शाखाओं के माध्यम से कई सेवाएं जैसे ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प, एडवांस डीलिंग सिस्टम द्वारा फॉरवार्ड कांट्रैक्ट आदि प्रदान करता है.

31 मार्च, 2017 तक बैंक का घरेलू निवेश बही का आकार कुल ₹ 1,22,169 करोड़ रहा. कुल निवेशों में एसएलआर प्रतिभूतियों का शेयर 89.44% रहा. 31 मार्च, 2017 को एनडीटीएल में एसएलआर प्रतिभूतियों का प्रतिशत 23.57% था.

आपके बैंक ने वर्ष के प्रथम छ: महीने में उच्चतर प्रतिफल के द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसर का लाभ उठाया है और पोर्टफोलियो में बॉण्ड को शामिल किया है. बैंक ने अति सक्षम तरीके से पोर्टफोलियो को संभाला है तथा 31.03.2017 को 7.76% का एसएलआर निवेश पर औसत प्रतिफल को कायम रखा है. वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान आपके बैंक ने निवेशों के विक्रय तथा विदेशी विनियम से क्रमश: ₹ 2,618 करोड़ तथा ₹ 976 करोड़ लाभ की उगाही की तथा ब्याज / डिस्काऊंट के रूप में ₹ 12,656 करोड़ अर्जित किए हैं.

बैंक का ट्रेजरी मिड - ऑफिस बाज़ार ऋण जोखिम तथा बैंक के द्वारा तय की गई ऋण सीमा का वास्तविक समय आधार पर निगरानी करता है. जोखिम प्रबंधन पैरामीटर, जिसमें कि वेल्यू – एट रिस्क (वीएआर) भी शामिल है, का उपयोग सभी पोर्टफोलियो पर बाज़ार के जोखिम का निर्धारण करने के लिए किया जाता है. मॉडल की शक्ति का मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से वीएआर संख्या की जाँच की जाती है. विभिन्न निवेशों एवं मुद्रा स्थिति पर दवाब की जांच की जाती है.

एनपीए प्रबंधन

गैर निष्पादक आस्तियों (एनपीए) एवं अन्य दबावग्रस्त आस्तियों का प्रबंधन भारतीय बैंकिंग उद्योग के समक्ष की सब से बड़ी चुनौतियों में से एक रही, जिसने बैंकों की लाभप्रदता को प्रभावित किया. दबावग्रस्त आस्तियों के जमाव को सम्हालने के लिए आरबीआई ने कई उपाय किए. इन उपायों में प्रत्याशित दबाव के निर्धारण के लिए एक समर्थ संयुक्त नेतृत्व मंच (जेएलएफ) का निर्माण, नीतिगत ऋण पुनर्गठन योजना (एसडीआर) के अंतर्गत पुनर्गठन मेकेनिज़्म का प्रारंभ, 5:25 योजना के अंतर्गत लचीला पुनर्वित्त प्रदान करना, दबावग्रस्त आस्तियों का संधारणीय पुनर्गठन (एस4ए) के मानदंडों को सरल बनाना और उनकी बिक्री के दिशानिर्देशों का संशोधन का समावेश है.

वित्तीय वर्ष 17 दबावग्रस्त आस्तियों की गुणवता के संदर्भ में आपके बैंक के लिए भी चुनौतिपूर्ण रहा. वर्ष के दौरान दबावग्रस्त बही में मूवमेंट निम्नानुसार रही:

(₹ करोड़ में)

	FY' 2016	FY'2017
सकल एनपीए	40,521	42,719
सकल एनपीए अनुपात	9.99%	10.46%
शुद्ध एनपीए	19,407	18,080
शुद्ध एनपीए अनुपात	5.06%	4.72%
एनपीए में वृद्धि	27,828	13,312

वसूली/उन्नयन	2,015	6,766
टीडबल्यूओ सहित बट्टाकृत	1,554	4,348
बट्टाकृत खातों में वसूली	221	327
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित)	60.09%	66.83%
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ छोड़ कर)	52.11%	57.68%

आपके बैंक का 31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि का अग्रिम पोर्टफोलियो संबंधी आस्तियों के वर्गीकरण के अनुरूप विश्लेषित विवरण निम्नलिखित है:

(₹ करोड़ में)

आस्तियों की श्रेणी (सकल)	31 मार्च, 2016	31 मार्च, 2017
मानक	3,64,996	3,65,792
सकल एनपीए	40,521	42,719
कुल	4,05,517	4,08,511
सकल एनपीए समावेशित:		
अवमानक	11,569	8,804
संदिग्ध	25,766	29,186
हानि	3,186	4,729
कुल सकल एनपीए	**40,521**	**42,719**

हमारे बैंक ने विभिन्न स्तरों पर वसूली एवं ऋण निगरानी के लिए एक व्यापक संगठनात्मक स्ट्रक्चर विकसित किया है और दबावगस्त आस्तियों का प्रबंध करने के लिए प्रणाली एवं प्रक्रियाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें निम्नलिखित का समावेश है:

- वसूली कार्यवाही का वास्तविक समय पर ट्रेकिंग के लिए तथा उच्च स्तर के निर्णयन का समर्थन देने के लिए एक लीगल वॉर रूम स्थापित किया है (140 उच्च मूल्य के खातों की निगरानी की जाती है.)
- बाह्य विशेषज्ञों की भर्ती के माध्यम से बैंक की विधिक और धोखाधड़ी अन्वेषण क्षमताओं को मजबूत करना तथा वसूली मामलों को सम्हालने की क्षमता बढ़ाना.
- इंडियन बैंकरप्सी कोड के तहत् कार्रवाई के लिए 39 मामलों का निर्धारण, जिनमें से 13 मामले एनसीएलटी में दर्ज किए गए और वॉर रूम के माध्यम से उन्हें ट्रेक किया गया.
- दबावग्रस्त खातों के लिए रिज़ोल्यूशन नीतियां उपलब्ध कराने के लिए समाधान आपूर्तिकर्ता कक्ष की स्थापना की गई, जिसके पास इस समय समाधान हो रहे 65 बड़े एनपीए खाते हैं, जिनमें कुल एक्सपोज़र ₹ 100 करोड़ है.
- खुदरा ऋणों के लिए ओन ग्राउंड कलेक्शन हेतु बहु-भाषी सपोर्ट के साथ एवं 'फीट ऑन स्ट्रीट' स्टाफ के साथ कलेक्शन कॉल सेंटर (200 एजेंट) स्थापित किए गए.
- एनपीए एवं संभाव्य एनपीए छोटे खातों में वसूली के लिए 900 सदस्यों का सशक्त बैंक कार्यदल नियोजित किया गया.
- फसल ऋण वसूली के लिए व्यवसाय प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.

इसके अलावा बैंक ने गैर निष्पादक आस्तियों की वसूली के लिए निरंतर आधार पर निम्नानुसार प्रयास किए :

- प्रत्येक डीआरटी में विधिक मामलों के दैनिक आधार पर फोलो अप के लिए एक नोडल अधिकारी को निर्धारित किया गया, ताकि डिक्री प्राप्त करने एवं निष्पादित करने तथा वसूलियों में विलम्ब कम से कम हो.
- सभी डीआरटी वाद दायर खातों में वसूली के लिए बैंक को भारित की गई आस्तियों को ई-नीलामी के द्वारा बेचा गया, जिससे कि अच्छा बाज़ार मूल्य प्राप्त हो सके.
- आस्तियों एवं अन्य पूर्व/बाद की बिक्री गतिविधियों को कब्जा लेने हेतु सहायता के लिए वसूली एजेण्ट
- अधिकृत परिसमापक (ओएल) के परामर्श के लिए परामर्शदाता ताकि रिकवरियों को वसूल किया जा सके.
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में अधिकतम सहभागिता, ताकि वाद दायर एवं गैर-वाद दायर एनपीए खातों में शीघ्र वसूली हो सके.
- आपके बैंक की शाखाओं द्वारा छोटे खातों में लम्बे समय से पैंडिंग वसूलियों को कम करने तथा वसूलियों को तेज करने के लिए वसूली शिविर नियमित रुप से आयोजित किए गए.
- वर्ष के दौरान ₹ 25 लाख तक की राशि वाले छोटे खातों में वसूली के उपायों को और गहन बनाने के लिए "संकल्प X" नामक नयी प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई. इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 17 के दौरान ₹ 116.88 करोड़ की वसूली हुई.
- ₹ 1 करोड़ एवं अधिक राशि के एनपीए खातों की मानिटरिंग सीधे कार्पोरेट कार्यालय से की जाती है.

एक ओर जहां हमारा बैंक दबावग्रस्त आस्तियों के प्रबंधन के लिए प्रणाली एवं प्रक्रिया को सशक्त कर रहा है. वहीं दूसरी ओर अनर्जक आस्तियों के एवज में प्रावधान करने की दिशा में भी सक्रिय है. बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात, जिनमें तकनीकी की दृष्टि से बट्टे खाते डालना (टीडब्ल्यूओ) भी शामिल है, 66.83% था, जबकि पीसीआर को छोड़कर टीडब्ल्यूओ खातो के लिए किया गया प्रावधान 57.68% था. बेहतर प्रावधान कवरेज अनुपात के साथ हमारा बैंक दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान करने के लिए दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करने की दिशा में बेहतर स्थिति में है

ऋण निगरानी

हमारे बैंक के पास स्लिपेज को रोकने तथा आस्तियों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए समय से सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु विभिन्न स्तरों (शाखा/क्षेत्र/अंचल एवं कार्पोरेट) पर अग्रिम खातों की निगरानी प्रक्रिया है. कॉर्पोरेट कार्यालय स्थित ऋण निगरानी विभाग अग्रिम खातों में कमियां /संभावित चूक/आरम्भिक रूगण्ता को शुरू में ही पहचानकर एवं अग्रिम खातों में हानि/ऋण खातों की ऋण गुणवत्ता में गिरावट को रोकने हेतु समुचित तथा समय से सुधारात्मक कार्रवाई की पहल करने में सहायता प्रदान करता है. आरंभिक दबाव वाले खातों को विशेष उल्लिखित खातों की (एसएमए) श्रेणी के अंतर्गत एसएमए0, एसएमए1 एवं एसएमए2 के रूप में निर्धारित किया गया है.

सारे एसएमए2 खातों के लिए संयुक्त उधारकर्ता फोरम के गठन हेतु फॉलोअप किया जाता है तथा सुधार, पुनर्रचना एवं वसूली के माध्यम से सुधारात्मक कार्रवाई योजना के अंतर्गत दबाव का समाधान करने हेतु विकल्पों पर विचार किया जाता है. यह विभाग पुनर्संरचना/नीतिगत ऋण पुनर्संरचना (एसडीआर)/5:25 पुनर्वित्तपोषण/दबावग्रस्त आस्तियों के अविरत पुनर्संरचना हेतु योजना के तहत उचित मामलों के निर्धारण का कार्य भी करता है.

हमारा बैंक पूर्व चेतावनी संकेतक व्यवस्था कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है जो बैंक की आंतरिक व्यवस्था यथा कोर बैंकिंग व्यवस्था, जोखिम रेटिंग व्यवस्था और इंटरनेट, सोशल मीडिया, क्रेडिट ब्यूरो, रेटिंग एजेंसियों एवं अन्य बाह्य स्त्रोतों से डेटा प्राप्त करके

ऋण की निगरानी एवं समय पर सुधारात्मक कार्रवाई हेतु पूर्व चेतावनी संकेतक उपलब्ध करवाएगी.

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)

हमारे बैंक के पास श्रेष्ठ तकनीकी संरचना एवं स्टेट ऑफ द आर्ट डेटा सेंटर उपलब्ध है जो अपटाइम इंस्टीट्यूट टियर 3 मानक एवं ग्राहकों को अनवरत बैंकिंग सेवाओं की सुपुर्दगी के लिए विभिन्न सिस्मिक जोनों में प्रत्येक असफलता के क्षण में आपदा पुन: स्थापन साईट से समर्थित हैं. आपदा पुन: स्थापन केंद्र के अतिरिक्त आपके बैंक ने अपने व्यवसाय निरंतरता आयोजन एवं आपदा पुनर्स्थापन कार्यनीति के एक भाग के रूप में शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करने हेतु आपदा पुनर्स्थापन केंद्र का कार्यान्वयन भी किया है.

बैंक ने ग्राहकों को नए उत्पाद उपलब्ध करवाने एवं कोर परिचालन प्रक्रियाओं की डिजिटाइजिंग के लिए निम्नलिखित सॉल्यूशनों को कार्यान्वित करना शुरू किया है:

- कॉर्पोरेट्स के आपूर्ति एवं वितरण माध्यमों का एकीकृत वाणिज्यिक एवं वित्तीय सॉल्यूशन उपलब्ध करवाने के लिए सप्लाई चेन फायनांस. सप्लाई चेन फायनांसिंग, ग्राहकों एवं उनके आपूर्तिकर्ताओं तथा ग्राहकों के बीच वाणिज्यिक संबंध को सहायता प्रदान करेगा.
- खाता सेवाओं एवं सुपुर्दगी चैनलों में एक नया और व्यापक रिटेल इंटरनेट बैंकिंग सॉल्यूशन जिससे डिजिटल इंडिया पहल में सहायता मिलेगी. यह नया इंटरनेट बैंकिंग समाधान ग्राहकों को नये नवीनतम तकनीक युक्त भुगतान एवं संप्रेषण संरचना हेतु एक्सेस उपलब्ध कराएगा.
- ऋण के आरंभ एवं ट्रैकिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए ऋण प्रबंधन प्रणाली. यह सॉल्यूशन प्रक्रियाओं को डिजिटाइज करने एवं टर्न अराउंड टाइम को सुधारने के लिए इमेज आधारित वर्कफ्लो एवं व्यवसाय प्रक्रिया प्रबंधन (बीपीएम) का प्रयोग करके ऋण प्रस्तावों की पूर्ण प्रोसेसिंग करने में सहायक होगा.
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रणाली (एफआरएमएस) सॉल्यूशन, जो ऑनलाइन और/या ऑफलाइन तरीकों के अंतर्गत चैनलों और एप्लिकेशनों की संकेतक-सूची से संबद्ध जोखिमों को कवर करते हुए एंटरप्राइज वार व्यापक धोखाधड़ी का पता लगाएगा और उनका निवारण उपलब्ध कराएगा. यह समाधान सभी प्रकार के संव्यवहारों के लिए निम्नलिखित एप्लिकेशनों और चैनलों की प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर धोखाधड़ी का पता लगाने और उनके निवारण को शामिल करता है.
- पूर्व चेतावनी संकेतक व्यवस्था (ईडबल्यूएस) जो बैंक की आंतरिक व्यवस्था यथा कोर बैंकिंग व्यवस्था, जोखिम रेटिंग व्यवस्था और बाह्य स्रोत यथा इंटरनेट, सोशल मीडिया, क्रेडिट ब्यूरो, रेटिंग एजेंसियों एवं अन्य बाह्य स्रोतों से डेटा प्राप्त करके ऋण की निगरानी एवं समय पर सुधारात्मक कार्रवाई हेतु पूर्व चेतावनी संकेतक उपलब्ध करवाएगी.
- बैंक मार्केटिंग, आयोजना, खुदरा व्यवसाय, जोखिम, धोखाधड़ी, सुरक्षा एवं अनुपालन जैसी विभिन्न व्यवसाय प्रवृत्तियों में विश्लेषणात्मक क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए उत्कृष्टता विश्लेषण केंद्र भी तैयार कर रहा है.
- बैंक ने क्लाउड अंगीकरण की यात्रा का प्रारंभ किया है. इस दिशा में बैंक ने कई संप्रेषणों के लिए पब्लिक एवं हाइब्रिड क्लाउड सेवाओं तथा सहयोग प्रौद्योगिकी सॉल्यूशनों को कार्यान्वित किया है. बैंक ने अनुपालन को मजबूती प्रदान करने के लिए ईमेल संप्रेषण के लिए आर्काइवल समाधान का भी कार्यान्वयन किया है.
- बैंक के ये लगातार प्रयास रहे हैं कि प्रौद्योगिकी नवोन्मेषिता के माध्यम से अपने ग्राहकों को अधिक मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान की जाए. इस दिशा में बैंक व्यवसाय प्रक्रिया में अधिक दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए रोबॉटिक प्रक्रिया स्वचालन, ब्लॉक शृंखला प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम इंटेलिजेंस जैसी प्रौद्योगिकी नवोन्मेषिता पर कार्य कर रहा है.

उपर्युक्त के अलावा, आपके बैंक ने एकसमान भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का अनुपालन किया है, जो ऑनलाइन भुगतान संभव बनाने के लिए आर्किटेक्चर और मानक अनुप्रयोग प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) विशिष्टताओं की एक व्यवस्था प्रस्तावित करना है. इसका लक्ष्य सभी एनपीसीआई प्रणालियों को सरल बनाना और एकल इंटरफेस उपलब्ध कराना तथा अंतर-परिचालनात्मकता निर्माण करना और महत्तम ग्राहक अनुभव सृजित करना है.

साइबर सुरक्षा

वर्षों से बैंक ने साइबर सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है जिसमें साइबर हमलों से बचने के लिए व्यापक सूचना सुरक्षा उपाय शामिल हैं. सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए, बैंक नेटवर्क सुरक्षा, सर्वर सुरक्षा, एप्लिकेशन सुरक्षा और सुरक्षा विश्लेषण के क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकी समाधानों को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है. आपके बैंक का डेटा सेंटर एवं डीआर परिचालन आईएसओ27001 मानक से प्रमाणित है जो सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय श्रेष्ठ प्रक्रिया का मंच है और सभी हितधारकों में हमारे प्रति विश्वास उत्पन्न करता है.

बैंक में एक कैप्टिव सुरक्षा परिचालन केंद्र है जो साइबर सुरक्षा घटनाओं की निगरानी करने के लिए उन्नत उपकरणों से युक्त है. सुरक्षा परिचालन केंद्र 24X7 आधार पर कार्य करता है और सुरक्षा मामलों हेतु सर्वर, नेटवर्क यंत्रों, सुरक्षा यंत्रों, जटिल डेटाबेस पर होने वाली गतिविधियों आदि की लगातार निगरानी करता है. आपका बैंक आंतरिक योग्य पेशेवरों के साथ-साथ बाह्य लेखा परीक्षकों द्वारा आवधिक सुरक्षा मूल्यांकन करवाता है. पाए गए जोखिमों को दूर करने के तत्काल प्रयास किए जाते हैं.

डिजिटल रूपांतरण:

हमारे बैंक की डिजिटल बैंकिंग टीम, बैंक के डिजिटल रूपांतरण को आगे ले जाने के लिए हमारे प्रयासों के भागरूप महत्त्वपूर्ण प्रगति कर रही है जो कि सरकार के स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया एवं मेक इन इंडिया जैसे अभियानों द्वारा विभिन्न विकास प्रोत्साहनों की पृष्ठभूमि में चल रही हैं. हमारी अनुकूल जनसंख्या एवं मोबाइल प्रयोग की अच्छी समझ ने हमारे देश में डिजिटल क्रांति को संचालित करने वाले कारकों का निर्माण किया है, जिसने बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा परिदृश्य का रूपांतरण किया है. चूंकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक भुगतान की नकदीरहित प्रणाली की ओर बढ़ रहे हैं, आपका बैंक इस यात्रा में ग्राहकों को सहयोग और मार्गदर्शन देना चाहता है.

हमारा बैंक निम्नलिखित के माध्यम से इस नवोन्मेषिता में सबसे आगे खड़ा है:

डिजिटल पोर्टेबल शाखा:

हमारे बैंक ने पूर्व निर्मित बैंकिंग आउटलेट नामक नवोन्मेषी अवधारणा स्थापित की है जो ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सेल्फ सर्विस मशीनों से युक्त होगी जिसमें प्रत्यक्ष वार्तालाप/व्यवहार के लिए 2-3 अधिकारियों/व्यवसाय प्रतिनिधियों के बैठने के जगह होगी. यह आउटलेट उच्च सुरक्षा युक्त, बदलते मौसम की स्थितियों के अनुकूल हैं एवं 24X7 सुविधाजनक बैंकिंग सुविधाएं देने की अवधारणा पर है. तत्काल खाता खोलना, डेबिट कार्ड प्रदान करना, नकदी आहरण, पासबुक अद्यतनीकरण, निधि अंतरण, उपयोगिता बिल भुगतान, खाता आधारित पूछताछ सेवाएं आदि प्रदान करने के लिए सेल्फ सर्विस मशीनों को बनाया गया है.

हमारे बैंक ने सितम्बर 2016 में उत्तर प्रदेश राज्य के सुल्तानपुर क्षेत्र में प्रतापगढ़ जिले के भागेसरा गांव में पहली डिजिटल पोर्टेबल शाखा का शुभारंभ किया. इस डिजिटल शाखा में आंतरिक इलाकों में रहनेवाले लोगों के लिए नवीनतम तकनीक युक्त स्वचालित

खाता खोलने की मशीन, पासबुक प्रिंटर एवं एक एटीएम उपलब्ध हैं. आपके बैंक की इस नवोन्मेषी पहल को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया है और इस वित्तीय वर्ष में इस पहल का और विस्तार किया जाएगा. यह उपलब्धि पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंचल, क्षेत्र और शाखा कार्यालय के नेतृत्व, डिजिटल बैंकिंग, सुविधा प्रबंधन एवं तकनीकी विभाग के सहयोग से संयोजित टीम वर्क के कारण हासिल की गई है.

एकाउंट ओपनिंग कियोस्क

प्रौद्योगिकी सुविधा का लाभ उठाकर वैकल्पिक डिलिवरी प्रणाली के माध्यम से ग्राहकों को बाधारहित तथा सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आपके बैंक ने डेबिट कार्ड प्रदान करने वाले कियोस्क (एओके एवं डीसीडीके) के साथ नवीन सेल्फ सर्विस कियोस्क, जिसे एकाउंट ओपनिंग कियोस्क कहते हैं, की शुरूआत की है. एकाउंट ओपनिंग कियोस्क ग्राहकों को तत्काल खाता खोलने तथा गैर व्यक्तिगत डेबिट कार्ड जारी करने की सुविधा प्रदान करता है. बैंक के मानकीकृत आवेदन प्रारूप के अनुसार कियोस्क खाता खोलने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने में समर्थ बनाता है तथा ग्राहकों को सेल्फ सर्विस विकल्प उपलब्ध कराकर त्वरित खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराता है. ग्राहक ग्रीन पिन सुविधा के साथ गैर व्यक्तिगत डेबिट कार्ड तुरंत प्राप्त कर सकता है जो कि पूर्ण रूप से डिजिटल प्रक्रिया है.

हमारी डिजिटल बैंकिंग टीम निम्नलिखित माध्यमों द्वारा हमारे उत्पादों को और बेहतर बनाने के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध करवाए जानेवाले डिजिटल एवं वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है:

- एटीएम, जो हमारे ग्राहकों की नकदी आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखेंगे.
- ई-लॉबी जिसे बदलकर अब 'मी लॉबी' कर दिया गया है जिसमें बड़ौदा नॉन-स्टॉप लॉबी का समावेश है, इसमें पांच सेल्फ सर्विस मशीनें यथा कैश रिसाइकलर, एटीएम, मल्टी फंक्शन कियॉस्क, पासबुक प्रिंटर एवं 24X7 बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु डिजिटल साइनेज सिस्टम उपलब्ध हैं. आपके बैंक ने "बड़ौदा एक्सप्रेस - 24X7 लॉबी" की सेवाओं का आरंभ किया है जो बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबी का ही छोटा संस्करण है, जिसमें वर्तमान एटीएम केबिन की आंतरिक संरचना में थोड़ा बदलाव करके एटीएम केबिन में ही एटीएम के साथ – साथ कैश रिसाईकलर तथा पासबुक प्रिंटर लगाकर अतिरिक्त सेवाएं प्रदान की जाती हैं.
- इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म बड़ौदा कनेक्ट के माध्यम से हमारे ग्राहकों को प्रयोग में आसानी एवं बेहतर नियंत्रण उपलब्ध करवाने के लिए इसे कई विशेषताओं से युक्त बनाया गया है.
- मोबाइल बैंकिंग - इस वर्ष एक नए अवतार में ग्राहक खातों के 360 डिग्री ब्यू के साथ हमारे मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन एम कनेक्ट प्लस का शुभारंभ किया गया जो ग्राहक खातों से संबंधित सारी जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ, ग्राहकों को विकसित, सुरक्षित, स्तरीय एवं विशेषताओं से युक्त अनुभव उपलब्ध करवाता है.
- मोबाइल वॉलेट - ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने जुलाई 2016 में बैंक के मोबाइल वॉलेट "बड़ौदा एम-क्लिप" का शुभारंभ किया है. ऑनलाइन खरीददारी करने के लिए यह सरल, सुरक्षित एवं आसान मोबाइल एप्लीकेशन है. इसमें निहित विशेषताएं हैं- व्यक्ति से व्यक्ति धन अंतरण, मोबाइल/ डीटीएच/डाटा रिचार्ज, विभिन्न ब्रांडों के गिफ्ट कार्ड, बिल भुगतान और अन्य ऐसी आवश्यकताएं.
- इंटरनेट पेमेंट गेटवे – क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग का प्रयोग करते हुए भुगतान संग्रहण द्वारा ई-कॉमर्स व्यवसाय हेतु अपने व्यापारियों को बड़ौदा ई गेटवे नामक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने हेतु हमारा बैंक स्वयं की पूरी इंटरनेट पेमेंट गेटवे संरचना तैयार करने की प्रक्रिया में है.
- भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) - यह राष्ट्रीय महत्ता की एक पहल है जो कि भौगोलिक/ जनसांख्यिकी सीमा के परे ग्राहकों/ऐसे वर्ग जो हमारे ग्राहक नहीं है, को त्वरित बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करता है. बीबीपीएस एक समेकित प्लेटफार्म है जहां विभिन्न चैनलों के माध्यम से आपका बैंक भारत बिल भुगतान प्रणाली परिचालन इकाई (ग्राहक बीबीपीओयू) के प्रतिभागी के रूप में है. बिल भुगतान प्लेटफार्म का उपयोग करने हेतु भारत बिल भुगतान प्रणाली सरल, सुरक्षित एवं आसान है जो कि ग्राहकों को अंत: प्रचलनीय एवं सुगम बिल भुगतान सेवाएं प्रदान करती है तथा तत्काल भुगतान की पावती की पुष्टि उपलब्ध कराई जाती है.
- रिटेल भुगतान व्यवस्था हेतु यूपीआई – हमारे बैंक ने बड़ौदा एमपे -यूपीआई का शुभारंभ भी किया है जो नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की एक नई पहल है जो भारत में सभी मौजूदा रिटेल भुगतान व्यवस्था के लिए सरलीकृत एवं एक सिंगल इंटरफेस उपलब्ध करवा
- ग्लोबल कॉन्टेक्ट सेंटर - हमारे बैंक ने गिफ्ट सिटी तथा बैंगलुरू में नवीनतम तकनीक युक्त कॉन्टेक्ट सेंटर का शुभारंभ किया है. हमारा कॉन्टेक्ट सेंटर भारत एवं विश्व में कहीं से भी टॉल फ्री नंबर के माध्यम से टेलीफोन माध्यम द्वारा अधिकांश बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाता है. प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) और अन्य वित्तीय समावेशन ग्राहकों के लिए एक अलग टॉल फ्री नंबर भी उपलब्ध करवाया गया है.

फिनटेक संधियां

आपके बैंक ने ऋण, भुगतान, संपदा प्रबंधन, तकनीक, ई-कॉमर्स आदि हेतु वित्तीय सेवाएं जगत में 15+ साझेदारियां की हैं जिससे हमारा बैंक फिनटेक फर्मों के लिए एक वरीयत: साझेदार बन सके.

स्टैंड अप इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया के समर्थन में फिनटेक, एग्रीटेक, ई-कॉमर्स आदि भिन्न क्षेत्रों में उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए सयाजीराव गायकवाड़ फेलोशिप कार्यक्रम तैयार किया है.

बैक ऑफिस परिचालन

नियंत्रण एवं अनुपालन में सुधार के दौरान बैक ऑफिस समर्थन प्रक्रिया में सेवा सुपुर्दगी एवं गुणवत्ता बेहतर बनाने और भविष्य के लिए क्षमताओं के निर्माण की तरफ एक नीतिगत चरण के रूप में प्रक्रियाओं के डिजिटाइजेशन और बैक ऑफिस परिचालन के केंद्रीकरण के माध्यम से आपके बैंक की परिचालन संरचना परिवर्तित की गई है. इस समय हमारा बैंक गिफ्ट सिटी में कई मंजिलों वाले नवीनतम तकनीक युक्त 'शेयर्ड सर्विस सेंटर' का निर्माण कर रहा है. बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड के रूप में शामिल अनुषंगी, औद्योगिक विशेषज्ञों एवं आंतरिक एवं बाह्य दोनों श्रेष्ठ प्रतिभाओं द्वारा संचालित होगी.

इस नीतिगत पहल की ओर बढ़ते हुए, गिफ्ट सिटी में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय परिचालन से संबद्ध 24X7 केंद्रीकृत संपर्क केंद्र की स्थापना पहले ही की जा चुकी है. स्कैन आधारित कार्यप्रणाली के साथ केंद्रीकृत मॉर्गेज प्रोसेसिंग का कार्यान्वयन 3 अंचलों में किया गया है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने 8 अंचलों में 1300+ शाखाओं में स्कैन आधारित खाता खोलने की प्रक्रिया को कार्यान्वित किया है. व्यापार एवं धनप्रेषण संव्यवहारों पर अनुपालन नियंत्रण की संवृद्धि के साथ गुजरात की शाखाओं के लिए एक ट्रेड फायनांस बैक ऑफिस भी परिचालित किया गया है.

प्रक्रियाओं को आदर्शतम बनाने और क्षमताओं के निर्माण के साथ धीरे-धीरे और भी परिवर्तन किए जाएंगे. 31 मार्च, 2017 तक 5,375 शाखाओं से जुड़ा मौजूदा रीजनल बैंक ऑफिस (आरबीओ) भी शेयर्ड सर्विस सेंटर में एक केंद्रीय स्थान से परिचालित होगा.

मार्केटिंग :

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने बैंक के विविध संपर्क स्तरों पर ग्राहक संतुष्टि का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रतिष्ठित स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से ग्राहक संतुष्टि और ब्रांड हेल्थ पर एक सर्वेक्षण करवाया. सर्वेक्षण में सभी स्थानों और उत्पादों जैसे बचत बैंक खाता, कृषि ऋण, व्यापार ऋण, बंधक, एमएसएमई और मिड एवं लार्ज कॉर्पोरेट को शामिल किया गया. आपके बैंक की अभिलाषा बैंकिंग जगत में "सर्वाधिक लोकप्रिय सेवा ब्रांड" बनने की है.

हमारी ब्रांड उपस्थिति को मजबूत बनाने के लिए वर्ष के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए:

- अन्य उत्पादों एवं सेवाओं के साथ-साथ हमारे डिजिटल उत्पादों के बारे में जागरूकता लाने के लिए एक सुनियोजित मार्केटिंग पहल शुरू की गई. .
- अबव-द-लाइन (एटीएल) गतिविधियों के साथ-साथ बिलो-द-लाइन (बीटीएल) गतिविधियों के लिए विभिन्न मीडिया माध्यमों जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रानिक (टीवी/ रेडियो) डिजिटल एवं आउट ऑफ होम (ओओएच) का प्रभावी उपयोग.
- प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु एवं के श्रीकांत, द्वारा ब्रांड समर्थन. इन दोनों खिलाड़ियों का कार्यनिष्पादन उत्कृष्ट रहा है तथा इनके पेशे में समर्पण एवं प्रतिबद्धता का विलक्षण मिश्रण है. इन खिलाड़ियों का व्यक्तित्व व्यवसाय के प्रति बैंक के दृष्टिकोण - घरेलू तथा साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में जिम्मेदारी, सरोकार एवं सामर्थ्य के समरूप है.
- फीफा अंडर 17 का राष्ट्रीय समर्थनकर्ता - हमारा बैंक देश में पहला ब्रांड है जो कि माह अक्तूबर, 2017 में आयोजित होने वाले फीफा विश्व अंडर 17 के राष्ट्रीय समर्थनकर्ता के रूप में आया है. फीफा वर्ल्ड कप के साथ ही साथ कार्यक्रम, कार्यशाला, फूटबॉल, उत्सवों इत्यादि के माध्यम से XI मिलियन विद्यार्थियों तक पहुंचने के लिए एमएक्सआईएम (मिशन XI मिलियन) गतिविधि भी चलाई गई है. इन कार्यक्रमों में बैंक की उपस्थिति से व्यवसाय को बढ़ाने में तथा भविष्य के ग्राहक वर्ग को तैयार करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालयों आदि से सीधे जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है.
- ब्रांड का ऐडेड तथा अन-ऐडेड रीकॉल : बैंक ने ब्रांड की रीकॉल को बढ़ाने के लिए समूचे भारतवर्ष में निम्नलिखित अनुकूल स्थानों पर सुसज्जित बाह्य योजना के तहत ब्रांडिंग किया है :-
  - सिकन्दरापुर तथा अंधेरी मेट्रों स्टेशनों के नामकरण का अधिकार, अमृतसर, चंडीगढ़ तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों में ब्रांड की विजिबिलिटी, आदि ब्रांड हेतु श्रेष्ठ विपणन स्थान हैं. इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हमारे बैंक ने प्रमुख हवाई अड्डों पर बड़ी-बड़ी प्रदर्शन इकाइयां भी लगायी हैं.
  - मॉल में ब्रांडिंग : शहरों में आजकल नीतिगत स्थानों पर मॉल बनाए जाते हैं जो नवोन्मेषी ब्रांडिंग के लिए सुअवसर प्रदान करते हैं. पहली बार हमारे बैंक ने 11 केंद्रों पर 27 प्रमुख मॉलों में विजिबिलिटी बढ़ाई है.
  - हमारे बैंक ने ब्रांड बिल्डिंग के लिए सिनेमा विज्ञापन पर भी ध्यान केन्द्रित किया है जहां बड़ी स्क्रीन पर ब्रांड के प्रचार हेतु दर्शकों का बड़ा समूह उपलब्ध हो जाता है.

वित्तीय वर्ष 17 के दौरान, दिनांक 31 अगस्त से 06 सितंबर 2016 को इकोनोमिक टाईम्स द्वारा ब्रांड इक्विटी में भारतीय ब्रांडों के बीच 21 वां स्थान प्राप्त करके हमारा बैंक अग्रणी ब्रांड के रूप में सामने आया.

बैंक का शाखा विस्तार

दिनांक 31 मार्च, 2017 तक बैंक की शाखाओं का विस्तार निम्नानुसार है :

	31.03.2016		31.03.2017	
	शाखाओं की संख्या	कुल शेयर प्रतिशत	शाखाओं की संख्या	कुल शेयर प्रतिशत
घरेलू: क्षेत्र वर्गीकरण (भारत)				
महानगरीय	1008	18.91	1166	21.51
शहरी	933	17.50	921	17.04
अर्द्ध-शहरी	1425	26.74	1523	27.98
ग्रामीण	1964	36.85	1812	33.47
कुल	5330	100.00	5422	100.00
विदेश (अनुषंगियों की शाखाएं एवं प्रतिनिधि कार्यालय सहित)	**106**	**-**	**107**	**-**

* 31 मार्च, 2016 तक के आंकड़े 2001 की जनगणना एवं 31 मार्च, 2017 के आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुरूप हैं.

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

विभिन्न विकास संबंधी गतिविधियों के माध्यम से समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने की हमारे बैंक की पुरानी परम्परा रही है. बैंक का यह मानना है कि समाज के कम भाग्यशाली एवं सुविधाओं से वंचित लोगों के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, मानव कल्याण और अन्य सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख केन्द्रित क्षेत्र हैं जिसके माध्यम से अपने लगातार प्रयासों से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सका है.

बैंक द्वारा सीएसआर के क्षेत्र में निरंतर आधार पर जो गतिविधियां की जा रही हैं वे निम्नानुसार हैं:

- **बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान -बीएसवीएस (बड़ौदा आर-सेटी)**

  हमारे बैंक ने देश के छ: राज्यों में 49 बीएसवीएस (बड़ौदा आर-सेटी) स्थापित किए हैं. इनमें से 45 हमारे अग्रणी जिलों में तथा 4 गैर-अग्रणी जिलों में हैं. ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करके स्व रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है. अभी तक हमारे बड़ौदा स्वरोजगार संस्थानों ने 10,380 कार्यक्रम आयोजित किए हैं तथा 2,92,939 युवकों को प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 1,97,826 ने या तो रोजगार प्राप्त कर लिया है या अपने उद्यम स्थापित कर लिए हैं. निपटान अनुपात 67.53% है.

- **वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)**

  सामान्य वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षित करने तथा वित्तीय परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे बैंक ने देश के आठ राज्यों में 51 एफएलसीसी भी स्थापित किए हैं. इन केन्द्रों पर वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता, वित्तीय योजना तथा किसी व्यक्ति की कर्ज संबंधी परेशानी में सुधार संबंधी गतिविधियां भी की जाती हैं.

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

जोखिम पर ध्यान केंद्रण एवं समर्थक संचालन फ्रेमवर्क में जोखिम से निपटने और उसका प्रबंधन करने हेतु बैंक के विभिन्न भागों की जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है. इसे "रक्षा की तीन पंक्तियां" के रूप में संदर्भित किया जाता है तीनों पंक्तियों की अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका है. वे इसप्रकार हैं:

I. व्यवसाय पंक्ति- रक्षा की प्रथम पंक्ति- में जोखिम की 'जिम्मेदारी' है, जहां अपनी गतिविधियों के द्वारा उत्पन्न जोखिम को समझा और प्रबंधित किया जाता है.

II. प्रथम पंक्ति से भिन्न स्वतंत्र रूप से, रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में जोखिम प्रबंधन कार्य समग्र उद्यम के आधार पर जोखिम निर्धारण, उसकी मात्रा, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है. अनुपालन कार्य भी रक्षा की दूसरी पंक्ति का भाग मानी जाती है.

III. आंतरिक लेखा परीक्षा रक्षा की तीसरी पंक्ति है जो जोखिम आधारित एवं अन्य लेखा परीक्षा करने का कार्य करती है और निदेशक मंडल को यह आश्वासन देती है कि जोखिम संचालन फ्रेमवर्क सहित समग्रत: संचालन फ्रेमवर्क प्रभावी है और नीतियां और प्रक्रिया उपयुक्त हैं और लगातार लागू हैं.

व्यवसाय में नियंत्रण - रक्षा की पहली पंक्ति

पूरे संस्थान में आंतरिक नियंत्रण एवं अनुपालन संस्कृति को मजबूत बनाने हेतु, हमारे बैंक ने संस्था की संरचना के पुनर्निर्धारण की शुरुआत की है जिससे (1) व्यवसाय एवं नियंत्रण कार्यप्रणाली के विभाजन एवं (2) ग्राहक अनुभव में वृद्धि करते समय कार्यक्षमता बढ़ाने और नियंत्रण को सशक्त करने हेतु निश्चित परिचालन एवं प्रक्रियाओं को शाखाओं से हटाकर उनकों केंद्रीकरण के सिद्धांतों को अपनाने से नियंत्रण एवं अनुपालन मजबूत बनेगा. कॉर्पोरेट स्तर पर, हमारा बैंक ऋण संबंधों एवं ऋण अनुमोदन कार्यप्रणाली को अलग करने की प्रक्रिया में है. कॉर्पोरेट संगठन को कॉर्पोरेट बैंकिंग एवं कॉर्पोरेट ऋण में विभक्त किया गया है और रिटेल एवं एमएसएमई बैंकिंग में इसी तरह विभाजन करने के कदम उठाए जा रहे हैं.

गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में स्थित शेयर्ड सर्विस सेंटर (एसएससी) में प्रक्रिया एवं परिचालनों के केंद्रीकरण के माध्यम से अनुपालन आवश्यकताओं का पालन करके बेहतर नियंत्रण करने का कार्य प्रक्रिया में है. इसके अलावा, बैंक ने आपवादिक संव्यवहारों की स्वतंत्र निगरानी एवं एएमएल सिस्टम से आने वाले अलर्ट्स की निगरानी एवं उन्हें बंद करने के लिए संव्यवहार निगरानी इकाई (टीएमयू) की स्थापना की है.

बैंक व्यवसाय इकाइयों द्वारा स्व-मूल्यांकन को सशक्त करने पर जोर देते हुए एक प्रक्रिया का निर्माण करने पर भी विचार कर रहा है.

जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन - रक्षा की दूसरी रेखा

जोखिम प्रबंधन

जोखिम बैंकिंग व्यवसाय का अविभाज्य हिस्सा है और जोखिम एवं प्रतिफल के बीच एक उपयुक्त ट्रेड-ऑफ प्राप्त करने का बैंक का लक्ष्य है. स्थायी एवं निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए हमारे बैंक ने एक व्यवस्थित जोखिम प्रणाली विकसित की है ताकि बैंक द्वारा अनुमानित जोखिमों का लगातार और व्यवस्थित आकलन व निगरानी की जा सके. बैंक जोखिम सीमाओं एवं बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के भीतर अपनी व्यवसाय गतिविधियां करता है. विभिन्न जोखिमों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए बोर्ड की एक विशिष्ट समिति का गठन किया गया है. बोर्ड ने अपनी एक जोखिम प्रबंधन समिति भी गठित की है जो विभिन्न प्रकार के जोखिमों के बीच परस्पर संबंध को देखती है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए नियंत्रक रूपरेखा बनाने के प्रयोजन से निदेशक मंडल अथवा निदेशक मंडल की समिति द्वारा समय-समय पर नीतियां अनुमोदित की जाती है.

हमारे बैंक में विभिन्न जोखिमों के निर्धारण, मूल्यांकन तथा प्रबंधन की प्रक्रिया संक्षेप में निम्नानुसार है.

आस्ति देयता प्रबन्धन

हमारे बैंक के आस्ति देयता प्रबन्धन (एएलएम) का लक्ष्य नीतिपरक योजना, कार्यान्वयन तथा नियंत्रण प्रक्रिया पर केन्द्रित है, जो बैंक की आस्तियों एवं देयताओं की मात्रा, मिश्रण, परिपक्वता, दर की संवेदनशीलता, गुणवत्ता तथा तरलता को प्रभावित करती है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ), जिसमें महाप्रबन्धक तथा कार्यपालक निदेशक शामिल हैं तथा इसका नेतृत्व प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किया जाता है, सुनिश्चित करती है कि तरलता एवं ब्याज दर जोखिम की दृष्टि से बैंक का जोखिम प्रोफाइल निदेशक मंडल द्वारा तय की गई जोखिम सीमा के भीतर है.

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम की पहचान, उन्हें नापना, उनके निगरानी तथा नियंत्रण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए ऋण देना बैंक की अविरत प्रक्रिया है.

हमारे बैंक में ऋण जोखिम का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एक सुस्थापित फ्रेमवर्क के माध्यम से किया जाता है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरुप नीतियों का निर्धारण, प्रक्रिया और रिपोर्टिंग शामिल है. नीति बनाने वालों की एवं जोखिम उठाने वालों की गतिविधियों को स्वतंत्र रखने पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है. हमारे बैंक में सुनियोजित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया है, जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऋण नीति के अधीन कार्य करती है.

हमारे बैंक ने सभी ऋण एक्सपोज़रों के लिए पूंजी पर जोखिम समायोजित रिटर्न (आरएआरओसी) फ्रैमवर्क भी क्रियान्वित किया है. आरएआरओसी पूंजी नियोजन के लिए जोखिम समायोजित रिटर्न के अनुपात के रूप में परिभाषित है. इससे हमें इसकी गणना करने में सुविधा मिलेगी कि क्या ऋण जोखिम आस्तियां पर्याप्त लाभ उत्पन्न कर रही हैं, जिससे शेयरधारकों की निधियों के आर्थिक मूल्य में वृद्धि हो.

बाजार जोखिम

मार्केट जोखिम का तात्पर्य बाज़ार दरों अथवा मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण आर्थिक मूल्य अथवा अर्जन की हानियों से है. विभिन्न बाज़ार उत्पादों के आर्थिक मूल्यों में परिवर्तन मुख्यत: ब्याज दरों, विनिमय दरों, आर्थिक प्रगति, व्यावसायिक विश्वास आदि में परिवर्तन का कार्य है. आपके बैंक ने अपनी ट्रेजरी गतिविधियों को मॉनीटर एवं नियंत्रण करने की स्पष्ट नीतियां बनायी हैं. इन नीतियों में प्रबंधन व्यवहार, प्रक्रियाएं, विवेकशील जोखिम सीमाएं, समीक्षा प्रणाली और रिपोर्टिंग प्रणाली शामिल हैं.

परिचालन जोखिम

परिचालन जोखिम बैंक की सभी गतिविधियों तथा व्यवसाय का महत्वपूर्ण हिस्सा है. अत: इसका प्रबंधन सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता से किया जाना चाहिए.

बैंक की परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) की जिम्मेदारी परिचालन जोखिम को नियंत्रण में रखने की है ताकि वे बैंक की कार्यप्रणाली पर ज्यादा प्रभाव न डाल सके. बैंक ने प्रक्रियाओं में संशोधन तथा नियंत्रण प्रणाली को सुधारने हेतु नई प्रणाली स्थापित करने के लिए उपाय किए हैं. महत्वपूर्ण जोखिम सूचक प्रोग्राम, जोखिम नियंत्रण एवं स्वयं मूल्यांकन प्रोग्राम तथा चालू वर्ष के दौरान मूल कारण विश्लेषण की शुरुआत की गई है, जो नियंत्रण प्रकिया को और मजबूत करेंगे.

पिलर 2 जोखिम

बैंक के पास एक व्यापक आतंरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया नीति है. पिलर 2 जोखिम जैसे कि तरलता जोखिम, नकदी जोखिम, बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम,

केंद्रीकरण जोखिम इत्यादि और समग्र जोखिम प्रबंधन अभ्यास साथ ही साथ सामान्य एवं दवाबग्रस्त परिस्थितियों में पूंजी की पर्याप्तता को इस नीति के अंतर्गत मूल्यांकित किया जाता है.

बासल III कार्यान्वयन

भारतीय बैंकों द्वारा 1 अप्रैल, 2013 से बासल III पूंजी विनियमों का कार्यान्वयन किया गया है. इस कार्यान्वयन के लिए एक ओर पूंजी की परिवर्धित गुणवत्ता एवं मात्रा की, वहीं दूसरी ओर अधिक प्रकटीकरण की आवश्यकता है. बैंक की कोर पूंजी में सुधार करने तथा वृद्धि करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मार्च 2016 में एफसीटीआर, डीटीए तथा पुनर्मूल्यन आरक्षित को शामिल करने के लिए नए उपाय किए गए हैं. मार्च 2016 के बाद से बैंक ने चरणबद्ध तरीके से सीसीबी का रखरखाव करना भी शुरु किया है जो नियामक के अनुसार 2.5% पर पहुंचेगा. बैंक लघुतम नियामकीय पूंजी आवश्यकताओं में पर्याप्त कुशन के साथ नियामकीय मानदंडों को पूरा करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित है.

हमारे बैंक ने कई पहल की हैं, जैसे कि बैंक के जोखिमों की प्रवृत्ति का आकलन एवं निगरानी के लिए अपेक्षित प्रणाली और प्रक्रियाएं विकसित करने हेतु एंटरप्राइज जोखिम प्रबंधन परियोजनाएं शुरू करना, बैंक के ऋण रेटिंग मॉड्यूल (बॉबरॅम) को संशोधित करना जिससे कि मॉड्यूल के विवेकाधीन अधिकारों में वृद्धि हो सके तथा निर्धारित आवास ऋण ग्राहकों के लिए ऋण गारंटी व्यवस्था को शामिल किया जा सके एवं पोर्टफोलियो के जोखिम को कम किया जा सके.

अनुपालन

एक स्वतंत्र अनुपालन-कार्यकलाप बैंक के संरक्षण की द्वितीय पंक्ति का एक प्रमुख घटक है. यह कार्य अन्य बातों के साथ-साथ, यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है कि बैंक एकीकृत रुप से और लागू विधियों, विनियमों एवं आंतरिक पॉलिसियों का अनुपालन करते हुए कार्य करता है.

हमारे बैंक ने अपने अनुपालन-दर्शन को रेखांकित करते हुए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एक पालिसी बनाई है. अनुपालन कार्यकलाप बैंक में स्वस्थ अनुपालन संस्कृति द्वारा समर्थित आंतरिक नियंत्रण एवं अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का एक अंतर्निहित भाग है. अनुपालन कार्यकलाप विभिन्न विधि-विधानों यथा बैंकिंग विनियमावली अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, धनशोधन निवारण अधिनियम में उल्लिखित सांविधिक प्रावधानों तथा विदेशी केन्द्रों में जहां बैंक की शाखाएं/कार्यालय है, उन विभिन्न नियामकों के विनियमों की पालना सुनिश्चित करता है. यह बीसीएसबीआई (भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड), आईबीए (भारतीय बैंक संघ), फिडाय (भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ) तथा फिम्डा (भारतीय नियत मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्नी संघ) द्वारा निर्धारित मानकों तथा कोड आदि का पालन भी सुनिश्चित करता है.

बैंक अपने अनुपालन कार्यकलाप को और सुदृढ़ बनाने के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबंध प्रणाली अपनाने की प्रक्रिया में है.

अनुपालन कार्य-कलाप वरिष्ठ प्रबंधन एवं निदेशक मंडल को बैंक द्वारा लागू विधियों, नियमों एवं मानकों के अनुपालन के बारे में सूचित करता है तथा इस क्षेत्र में हुई प्रगति से अवगत कराता है. यह व्यवसाय-स्टाफ सदस्यों एवं नामित अनुपालन अधिकारियों के लिए आवधिक रुप से प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर उन्हें अनुपालन के बारे में शिक्षित करने में सहायक होता है. इस प्रयोजन से ज्ञान प्रबंधन टूल्स बैंक की साइट पर भी अपलोड किए गए हैं.

अनुपालन कार्य-कलापों की कार्पोरेट मूल्यों, पालिसियों एवं प्रक्रियाओं के समर्थन में एक महत्वपूर्ण भूमिका है, जो कि बैंक जिम्मेदारी से कार्यरत है एवं लागू बाध्यताओं को पूरा कर रहा है, यह सुनिश्चित करने में सहायक बनता है.

केवाईसी/ एएमएल अनुपालन

आपके बैंक के पास सुपरिभाषित केवाईसी - एएमएल – सीएफटी नीति है, यह वह आधारशिला है जिस पर केवाईसी मानदंडों का अनुपालन, ए.एम.एल. मानदंडों, सीएफटी उपायों तथा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के अंतर्गत बैंक के दायित्वों का कार्यान्वयन टिका हुआ है. बैंक वित्तीय अन्वेषण इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) को इलैक्ट्रानिक रूप में भेजने के लिए इलैक्ट्रानिक तरीके से नकद लेनदेन रिपोर्टों (सीटीआर) को जनरेट करता है. ग्राहकों के खातों में संव्यवहारों के आधार पर सिस्टम आधारित एलर्ट्स जनरेट करने के लिए एएमएल समाधान लागू किया गया है. केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) संव्यवहारों/ एएमएल सोल्यूशन में जनरेट एलर्ट्स की पूरी तरह से निगरानी करता है और यदि कुछ संदेहजनक पाया जाए तो एसटीआर को मुख्य अधिकारी को प्रस्तुत करता है. ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छ:माही आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (ए एम एल उपायों से) किया जाता है. बैंक, एफआईयू-आईएनडी, नई दिल्ली को प्रत्येक माह जाली करेंसी नोटों की रिपोर्ट (सीसीआर) और गैर लाभकारी संगठनों के लेनदेन के बारे में रिपोर्ट (एनटीआर) प्रस्तुत करता है. बैंक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से क्रॉस बॉडर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट हर माह तैयार करता है और एफआईयू- आइएनडी, नई दिल्ली को प्रस्तुत करता है. सीबीएस सिस्टम में भी इस प्रकार उपयुक्त रूप से सुधार किया गया है जिससे वह पेन फार्म 60/61 न होने पर ₹ 50,000/- तथा इससे अधिक की नकदी को स्वीकार न करे.

केवायसी अनुपालन को और कड़ा बनाने के लिए एनएसडीएल से पेन कार्ड का ऑनलाइन सत्यापन करने के कार्य को परिचालित किया गया है. बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से आधार आधारित ई-केवायसी को लागू कर दिया है. सीएफटी के रूप में सभी शाखाओं में तत्काल जांच पड़ताल हेतु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विनियमावली (यूएनएससीआर) से प्राप्त नामों की सूची उपलब्ध है. पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर खाता खोलते समय और एएमएल अलर्ट जनरेट करते समय अल कायदा / तालीबान या भारत सरकार द्वारा ब्लैक लिस्ट में घोषित व्यक्तिगत नामों / संस्थाओं के नामों के साथ ग्राहक के नाम की ऑनलाइन जांच की जाती है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप बैंक अपने सभी मौजूदा ग्राहकों को यूनिक ग्राहक आईडी आवंटित करने की प्रक्रिया में है.

बैंक ने अपनी सभी घरेलू शाखाओं और छ: विदेशी टेरीटरीज़ (यूके, यूईए, दक्षिण अफ्रीका, मोरिशस, होंगकोंग एवं बहमास) के लिए अपनी केवायसी, एएमएल एवं सीएफटी पालिसी एवं प्रेक्टिस की स्वतंत्र प्रतिष्ठित फर्म के माध्यम से स्वतंत्र समीक्षा करवाई है और जहां आवश्यक हो, समस्त प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के कदम उठाए हैं.

आंतरिक लेखापरीक्षा - संरक्षण की तीसरी पंक्ति

संरक्षण की तीसरी पंक्ति में एक स्वतंत्र एवं प्रभावी आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य का समावेश होता है. अन्य बातों के साथ-साथ यह बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, संरक्षण की प्रथम एवं द्वितीय पंक्ति तथा जोखिम गवर्नेंस फ्रेमवर्क एवं नीतिगत और व्यवसाय आयोजन व निर्णयन की गुणवत्ता एवं प्रभावोत्पादकता के संबंध में स्वतंत्र समीक्षा और निष्पक्ष आश्वासन उपलब्ध कराती है. आंतरिक लेखापरीक्षक जोखिम प्रबंधन कार्यों को विकसित करने, अनुपालन करने या संचालित करने अथवा संरक्षण कार्य-कलापों की प्रथम या द्वितीय पंक्ति के अन्य कार्यों से जुड़े हुए नहीं होते हैं.

हमारा बैंक आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य एक केन्द्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) के माध्यम से करता है. सीआईएडी शाखाओं एवं कार्यालयों की जोखिम आधारित लेखापरीक्षा (आरबीआईए) के साथ ही, विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षाएं करता है. निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा

संबंधी कार्यकलापों की समग्र निगरानी करती है. यह समिति प्रभावी आंतरिक जोखिम आधारित लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, आई.एस. लेखापरीक्षा तथा अन्य निरीक्षण व लेखापरीक्षा कार्यों के प्रभावी विकास के लिए मार्गदर्शन देती है. यह समिति बैंक में कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति तथा आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के कार्यों की देखरेख करती है.

जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति द्वारा निर्धारित आवधिकता के अनुसार 13 अंचल निरीक्षण केन्द्रों द्वारा शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सीएआईडी अपना संचालन करता है. बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखापरीक्षा (आरबीआईए) में शामिल की गई हैं. वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कुल 4,566 शाखाओं का निरीक्षण किया गया जिनमें से 3,669 शाखाएं (80.35%) कम जोखिम में, 851 शाखाएं (18.64%) मध्यम जोखिम में तथा 46 शाखाएं (1.01%) उच्च जोखिम श्रेणी में थीं.

वर्ष के दौरान बैंक ने प्रौद्योगिकी, समाधान देने की परिकल्पना तथा डिजिटलाइजेशन का उपयोग करते हुए लेखापरीक्षा संबंधी कार्यों को केंद्रीकृत प्रक्रिया की समीक्षा करने के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में एक स्वतंत्र फर्म की सेवाएं ली है. प्रौद्यौगिकी का समुचित प्रयोग करके, विश्लेषणात्मक, सरलीकृत तथा उन्नत लेखापरीक्षा कार्य-प्रणाली के माध्यम से समूची लेखा-प्रणाली में बदलाव किया जाएगा. इस प्रकार आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को प्रौद्योगिकी के माध्यम से पुनर्व्यवस्थित किया जा रहा है.

संगामी लेखापरीक्षा कार्यों को बेहतर अंतर्दृष्टि एवं निरंतरता के दृष्टिकोण के साथ सुव्यवस्थित करने के लिए बैंक ने संगामी लेखापरीक्षा तंत्र को पुनर्स्थापित किया है जिसके अंतर्गत अंचल की सभी शाखाओं में लेखापरीक्षा करने हेतु एक ही फर्म को नियुक्त किया गया है. एक ही फर्म से लेखापरीक्षा करवाए जाने के कारण यह अपेक्षा की गई है कि उनके एक जैसे दृष्टिकोण का लाभ मिलेगा तथा इसकी जवाबदेही अधिक होगी. नियंत्रण एवं अनुपालन, अनियमिताओं के संबंध में टिप्पणी एवं प्रक्रिया, यदि कोई हो, में एकीकृत विचार का लाभ मिलेगा.

ग्राहक सेवा

हमारा बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं और संतुष्टि के प्रति सदैव संवेदनशील एवं तत्पर रहा है और उसका यह विश्वास रहा है कि प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाएं, उत्पाद एवं मानव संसाधन को अपने ग्राहकों को उत्तम बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए.

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा एक प्रतिष्ठित एजेंसी के माध्यम से समग्र भौगोलिक क्षेत्रों में बचत बैंक, चालू खाता, संपदा प्रबंधन उत्पाद, आवास ऋण, वाहन ऋण, कृषि ऋण, ट्रेडर्स ऋण, मोर्गेज, एमएसएमई एवं मध्यम-लार्ज कार्पोरेट जैसे सभी उत्पादों के संबंध में ग्राहक संतोष एवं ब्रांड स्वास्थ्य पर एक स्वतंत्र अध्ययन करवाया गया है. इस सर्वेक्षण ने समग्र भौगोलिक क्षेत्रों और सभी उत्पादों के संबंध में ग्राहक संतोष का स्तर, निष्ठा-स्तरों एवं अनुभव स्तरों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराई. बैंक बैंकिंग उद्योग में एक "सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रहाक सेवा" बनने की प्रेरणा के साथ ग्राहक-संतोष के स्तर में और सुधार करने हेतु आवश्यक कदम उठा रहा है.

निदेशक मंडल के स्तर पर ग्राहक सेवा संबंधी मामलों के लिए निदेशक मंडल की उप समिति, नीति निर्धारण तथा उनके अनुपालन से संबंधित मुद्दों को देखती है जिससे ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो.

बैंक ने ग्राहक सेवा पर पद्धति एवं कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा संबंधी स्थायी समिति का गठन किया है जिसमें बैंक के सभी कार्यपालक निदेशक और सात महाप्रबंधकों के अलावा दो प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं. यह समिति भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ग्राहक सेवा पर दिए गए निर्देशों का समय पर तथा प्रभावशाली अनुपालन का कार्य देखती है तथा बैंक में प्रवर्तमान ग्राहक सेवा की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया का भी मूल्यांकन करती है एवं ग्राहक सेवा के स्तर को सुधारने हेतु नियमित रूप से सुधारात्मक कार्रवाई करती है. बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा तिमाही आधार पर शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से सुझाव प्राप्त किए जाते हैं और उन्हें ग्राहक सेवाओं संबंधी प्रणालियों एवं पद्धतियों की लेखा परीक्षा की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है. इसके पश्चात समिति की बैठक का फीडबैक निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए हमारे बैंक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है और इसे बैंक की वेबसाइट पर रखा गया है. बैंक में ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए एक सुगठित ग्राहक शिकायत निवारण व्यवस्था है जिसके कारण बकाया शिकायतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी हुई है. बैंक से संबंधित ग्राहक शिकायतों के संबंध में परिचालन एवं सेवाएं के महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अंचल तथा क्षेत्रीय स्तरों पर संबंधित क्षेत्रीय व अंचल प्रमुख नोडल अधिकारी बनाए गए हैं. बैंक की सभी शाखाओं में प्रत्येक नोडल अधिकारी का नाम व पता प्रदर्शित किया गया है.

हमारे बैंक प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से देखता है और शिकायत के मूल कारण का पता लगाने पर बल देता है तथा शिकायतों के उचित निपटान हेतु सुधारात्मक उपाय करता है, जिनमें प्रणाली एवं प्रक्रिया को अपडेट करना तथा ग्राहक सेवा को सुधारने के प्रति स्टाफ सदस्यों को जागरूक करना आदि शामिल हैं. आपके बैंक में मानकीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरअस) के नाम से एक वेब आधारित ऑन लाइन शिकायत पंजीकरण एवं निवारण प्रणाली है. इसके माध्यम से ग्राहक अपनी शिकायत ऑन लाइन दर्ज कर सकता है. एसपीजीआरएस में सुझाव / फीडबैक स्वीकार करने की भी सुविधा उपलब्ध है.

बैंक ने मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी (सीसीएसओ) के रुप में एक आंतरिक लोकपाल को नियुक्त किया है. बैंक के आंतरिक लोकपाल के रुप में ग्राहकों को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करने पहले एक मंच उपलब्ध होता है. बैंक द्वारा अस्वीकृत या आंशिक रुप से स्वीकृत सभी शिकायतों की आंतरिक लोकपाल द्वारा जांच की जाती है. यह ग्राहकों का बैंक की प्रणालियों पर विश्वास को बढ़ाता है और शिकायत निवारण को अधिक पारदर्शी बना कर उस प्रक्रिया को त्वरित बनाता है.

हमारा बैंक भारतीय बैंकिंग संहिता एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और बैंक ने बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित "ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता" तथा "माईक्रो एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता" को अपनाया है. इन्हें बैंक की वेबसाइट पर प्रस्तुत किया गया है और ग्राहकों हेतु बैंक शाखाओं में भी उपलब्ध कराया गया है. बीसीएसबीआई द्वारा संहिता के अनुपालन की निगरानी के साथ-साथ संहिता के मूलभूत स्तर पर अनुपालन की स्थिति का पता लगाने के लिए शाखाओं के दौरे किए जाते हैं और ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों तथा बैंकिंग लोकपाल/अपील प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेशों/अवार्ड का अध्ययन किया जाता है, ताकि यह पता लग सके कि क्या कोई प्रणालीगत कमी तो नहीं है. आपके बैंक को 2016 में रेटिंग प्रक्रिया में सभी पीएसबी श्रेणी में "औसत से उपर" की रेटिंग प्राप्त हुई है.

मानव संसाधन

हमारे बैंक का वास्तव में मानना है कि हमारा मानव संसाधन हमारे लिए एक बड़ा निर्णायक बल है जिसका हमारे बैंक के वर्तमान और भावी, दोनों दृष्टि से समग्र कार्यनिष्पादन पर प्रत्यक्ष और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है. हमारे बैंक के पास मानव संसाधन का एक समृद्ध भंडार है, जिसमें 51,000 कर्मचारी हैं. हम जब हमारे हितधारकों की बढ़ती हुई अपेक्षाओं को महसूस करने की दिशा में बढ़ते हैं, तो हम पाते हैं कि ये हमारे लोग हैं, जो मौजूदा गतिशील और प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में अत्यधिक प्रेरित और प्रतिबद्ध हैं. बैंक में काफी बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त हो रहे अनुभवी बैंकरों की कमी को पूरा करने के लिए

प्रतिभावान कर्मचारियों की भर्ती और ओनबॉर्डिंग, परियोजना स्पर्श प्लस के माध्यम से कार्यनिष्पादन प्रबंधन को सुदृढ़ करने पर ध्यान केन्द्रित करना, प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करना, बैंक में मानव संसाधन संबंधी चुनौतियों का सामना करने के लिए नेतृत्व विकास, उत्तराधिकार आयोजन एवं पहली बार आयोजित कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण "वाईस ऑफ बड़ौदियन्स" द्वारा समर्थित कर्मचारी जुड़ाव का उच्च स्तर आदि विभिन्न कई पहलों के माध्यम से एचआर टीम परिश्रम से कार्यरत है. हमारा बैंक मानव संसाधन रुपांतरण के प्रयासों की अवधारणा और उन्हें निष्पादित करने हेतु अग्रणी हो कर निरंतर कार्यरत है, जिनमें से कई प्रयासों का वर्ष 2017 के दौरान प्रारंभ करने वाला देश का सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है.

"वाईस ऑफ बड़ौदियन्स" सर्वेक्षण, 2016 से कई सकारात्मक तथ्य सामने आये, वहीं कुछ ऐसे क्षेत्र भी पाये गए जहां कई कार्ययोजनाओं के माध्यम से उन्हें और बेहतर बनाने की आवश्यकता थी. इन उपायों में बैंक की रुपांतरण-यात्रा में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च स्तर की क्षमता निर्माण की पहलें भी शामिल हैं. बैंक का आशय यह सुनिश्चित करना है कि सभी स्तरों पर कर्मचारियों के अनुभव में और सुधार हो, ताकि अधिक आनंददायी कार्य-स्थल का निर्माण किया जा सके. इस दिशा में बैंक ने कर्मचारियों, कि जो बैंक के व्यवसाय के मुख्य वाहक हैं और बैंक के लिए मुख्य ब्रांड एम्बेसेडर हैं, उनके लिए श्रृंखलाओं में कई उपाय प्रारंभ किए, जिनमें निम्नलिखित का समावेश है:

बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम

यह कार्यस्थल पर कर्मचारी अनुभव को बेहतर बनाने और उनके जुड़ाव के स्तर को और बढ़ाने के लिए तैयार किया गया कार्यक्रम है, जिसमें कई पहलें प्रारंभ की गईं हैं, जैसे कि माह का कर्मचारी, स्पॉट पर मान्यता- "वॉव क्षण" हेतू समय, शाखा/कार्यालय में फन-ऑवर, कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य स्थानीय सामुदायिक सेवा/ सामाजिक गतिविधियां एवं खेलकूद और स्वास्थ्य गतिविधियां आदि.

वी-लीड - एक व्यापक नेतृत्व कार्यक्रम

हमारे बैंक ने भविष्य के लीडरों का भरपूर और निरंतर सिलसिला बनाए रखने के उद्देश्य के साथ आचरणगत क्षमताओं के आधार पर समग्र नेतृत्व विकास पहल "वी-लीड" का प्रारंभ किया. यह पहल निम्नलिखित -4- विशिष्ट कार्यक्रमों के माध्यम से की गई :

बड़ौदा वरिष्ठ नेतृत्व कार्यक्रम: वेतनमान VI एवं VII के अधिकारियों के लिए

बड़ौदा उभरते हुए लीडर कार्यक्रम: वेतनमान V के अधिकारियों के लिए

बड़ौदा राइसिंग स्टार्स कार्यक्रम: वेतनमान IV के अधिकारियों के लिए

सयाजीराव गायकवाड स्कॉलर्स कार्यक्रम: वेतनमान I, II, एवं III के अधिकारियों के लिए

प्रशिक्षण की लाईफ साइकल परिकल्पना का प्रारंभ

प्रशिक्षण की लाईफ साइकल परिकल्पना के प्रारंभ का उद्देश्य कर्मचारी के करियर के विभिन्न स्तर पर विभिन्न भूमिकाओं के साथ सुसंगत विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करना है. उसी प्रकार प्रत्येक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अनिवार्य पाठ्यक्रम की आवश्यकता के प्रारंभ के साथ प्रशिक्षण को विशिष्ट जॉब की भूमिका के साथ सुसंगत बनाया गया है. हमारा बैंक लर्निंग और विकास के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं के निरंतर उन्नयन के लिए प्रयास करता रहा है और इसके लिए कई नवोन्मेषी प्रयास अपनाता रहा है.

"स्पर्श प्लस" का प्रारंभ

हमारे बैंक में कार्यनिष्पादन एवं प्रतिभा प्रबंधन को सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल टूल्स से समर्थित बनाते हुए उसे पुनर्व्यवस्थित करने के उद्देश्य से 'स्पर्श-प्लस का प्रारंभ किया गया है. हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारी लोगों संबंधी प्रक्रियाएं और प्रणालियां हमारे स्टाफ सदस्यों को भूमिका की स्पष्टता उपलब्ध कराए और उन्हें अपनी भूमिका अधिक प्रभावी ढंग से निभाने में सक्षम बनाए, कर्मचारियों को उनके विकास के लिए सहायता करें तथा उनके समग्र योगदान को और उत्कृष्ट बनाने में उन्हें समर्थ बनाए.

प्रतिभा की कमी और कार्यदक्षता के बीच के अंतर को भरना

हमारा बैंक अपनी व्यवसाय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष दर वर्ष निरंतर भर्ती करता रहा है. बैंक की जन-बल की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस वर्ष के दौरान भी विभिन्न भर्ती प्रक्रिया की गई, जैसे कि अन्य के साथ-साथ विशेषज्ञ अधिकारियों तथा परीविक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती.

हमारे बैंक ने भविष्य के लिए तथा बाज़ार/उद्योग की उत्कृष्ट प्रैक्टिस को अपनाने के लिए विभिन्न नीतिगत क्षेत्रों में हमारी आंतरिक टीम की क्षमताएं बढ़ाने हेतु बैंक में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों के लिए कार्यदक्षता, ज्ञान एवं क्षमताएं रखने वाले विशेषज्ञों को बाज़ार से भर्ती किया.

सयाजीराव गायकवाड फेलोशिप कार्यक्रम

हमारे बैंक ने स्टार्ट अप इंडिया तथा स्टैन्ड अप इंडिया पहलों का समर्थन करते हुए मार्च, 2017 में सयाजीराव गायकवाड फेलोशिप कार्यक्रम की स्थापना की. इस फेलोशिप कार्यक्रम में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा उद्योग में एक वर्ष का अनुभव लेने और अपने स्टार्ट अप आइडिया के विकास के लिए संगठनात्मक समर्थन प्राप्त करने के लिए उद्यमी विचारधारा रखने वाले युवा व्यावसायिकों को प्रोत्साहन दिया जाता है. इसके अतिरिक्त चयनित फेलो वर्तमान में बैंक में मार्गस्थ हो ऐसी कई नीतिगत पहलों के कार्यनिष्पादन के लिए समर्थन कर रहे हैं.

कर्मचारी हेल्प लाइन (एचआर हेल्प लाइन)

हमारे बैंक ने सभी कर्मचारियों के लिए एचआर विषयक उनके प्रश्नों/मामलों के निवारण के लिए, उनके निजी जीवन या व्यावसायिक जीवन संबंधी किसी भी आपात्कालीन स्थितियों या अन्य कठिनाइयों में उनको सहयोग देने और सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक केन्द्रीय हेल्प लाइन प्रारंभ की है. कार्पोरेट कार्यालय में एक समर्पित टीम है, जो वास्तविक समय आधार पर हर समय कर्मचारी हेल्प लाइन की निगरानी करती है और से कर्मचारियों के प्रश्नों/शिकायतों/समस्याओं का शीघ्रता से निवारण करती है.

कैरियर की प्रगति

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों को उनके कार्यनिष्पादन के लिए रिवार्ड देने और साथ ही, कार्पोरेट सीढ़ियों पर चढ़ते हुए संगठन की तथा उनकी निजी- दोनों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु करियर-प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के सघन उपाय किए. आपका बैंक न केवल पदक्रम में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराता है, बल्कि कार्मचारियों को व्यापक कार्य-अनुभव उपलब्ध कराने और उनके लिए सुनिश्चित करियर मार्ग बनाने के लिए विभिन्न कार्यों में उनकी समांतर मूवमेंट भी सुनिश्चित करता है.

विविधता को महत्व

हमारा बैंक सभी कर्मचारियों के लिए भेदभाव मुक्त एवं समान अवसर नीतियों का अनुसरण करता है. संगठन के प्रत्येक कर्मचारी की उपलब्ध अवसरों पर समान पहुंच है, चाहे वे करियर में प्रगति, अनुलाभ एवं लाभ हो, कल्याण योजनाएं हों, प्रशिक्षण हों, शिकायत निवारण या अन्य कोई सुविधाएं हों. पदोन्नति, करियर-पथ, नियोजन एवं स्थानांतरण नीतियों को खुला एवं पारदर्शी बनाया गया है और इसके समान अनुपालन के लिए बैंक के सभी कर्मचारियों को इससे अवगत कराया गया है.

कार्य स्थानों में और अधिक विभिन्नता लाने के लिए बैंक पिछले कुछ वर्षों से उत्तरोतर अधिक संख्या में महिला कर्मचारियों की भर्ती कर रहा है. समग्र स्टाफ कंपोज़िशन में

महिला कर्मचारियों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 16 के 22.05% से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 2017 में 22.70% हो गया है.

सभी स्तर पर महिला कर्मचारियों को बनाए रखने और कार्य,परिवार एवं घर के प्रति महिलाओं के सहगामी उत्तरदायित्वता को मान्यता देने के लिए बैंक ने उनको सहयोग देने हेतु विभिन्न कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जैसे कि विराम अवकाश, स्वास्थ्य-निदान कार्यक्रम इत्यादि.

राजभाषा नीति का अनुपालन

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान बैंक ने हमारे भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन में उत्कृष्ट प्रगति की. संघ सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत विभिन्न सांविधिक आवश्यकताओं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुपालन के साथ-साथ हमारे बैंक ने हिंदी को व्यवसाय वृद्धि तथा ग्राहकों के साथ जुड़ने के एक साधन के रुप में प्रवर्तित किया.

वर्ष 2016-17 के लिए भारत सरकार के वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम के तहत निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों तथा हमारी बैंक की विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण दौरों के समय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूरा करने के लिए सुव्यवस्थित वार्षिक कार्ययोजना तैयार की गयी है. बैंक ने वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम के अधिकांश लक्ष्यों को हासिल करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए सभी आश्वासनों को निर्धारित समयावधि में पूरा किया है.

वर्ष के दौरान, हमारे बैंक ने नई दिल्ली में **"विमुद्रीकरण और डिजिटल इंडिया"** विषय पर अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया जिसमें विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको से प्रतिनिधियों/वक्ताओं /प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में **"डिजिटल युग में भाषा का महत्व एवं चुनौतियां"** विषय पर एक अंतर बैंक सेमिनार का भी आयोजन किया गया जिसमें मुंबई स्थित विवध सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको /वित्तीय संस्थाओं से राजभाषा एवं आईटी विभाग के प्रमुखों/प्रतिनिधियों ने सहभागिता की. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार एवं राजभाषा की संसदीय समिति द्वारा इस पहल की सराहना की गई. हमारे बैंक ने जनवरी 2017 में बैंक की ओवरसीज़ टेरीटरीज में 'विश्व हिंदी दिवस' का आयोजन किया, जिसमें हिंदी साहित्य से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों, महत्वपूर्ण ग्राहकों एवं भारतीय दूतावासों के अधिकारियों ने भाग लिया .

हमारे बैंक ने अपने संस्थापक महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़-III की स्मृति में 'महाराजा सयाजीराव भाषा सम्मान' की शुरूआत की है. इस सम्मान के अंतर्गत एक प्रशस्ति पत्र/स्मृति चिह्न तथा ₹ 1.51 लाख की नकद राशि शामिल है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने यह सम्मान प्रतिष्ठित अभिनेता एवं कवि, श्री आशुतोष राणा को प्रदान किया.

बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए क्षेत्रीय भाषा प्रशिक्षण की महत्वाकांक्षी पहल को विभिन्न भाषायी क्षेत्रों तक विस्तार किया है ताकि वे संबंधित क्षेत्रीय भाषा की बुनियादी बातों को सीख सकें, जो उन्हें स्थानीय ग्राहकों के साथ संवाद करते समय अपने कर्तव्य का अच्छी तरह से निर्वहन में मदद करेगा.

घरेलू अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान आपके बैंक की घरेलू अनुषंगियों एवं संयुक्त उद्यमों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा.

बॉबकार्ड्स लिमिटेड बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है तथा यह क्रेडिट कार्ड जारी करने एवं मर्चेंट एक्वायरिंग व्यवसाय में है. धीरे-धीरे यह लंबे समय तक भुगतान कार्ड उद्योग में अपने प्राप्त कौशल एवं सुविज्ञता के आधार पर अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है. बॉब कार्डस लिमिटेड ने, आपके बैंक के डेबिट कार्ड परिचालन में सहायक सेवाएं प्रदान करने की अनुषंगी गतिविधियों का दायित्व ले लिया है.

भारत में कार्ड एवं डिजिटल भुगतान हेतु अवसरों में बडे पैमाने पर वृद्धि को देखते हुए, कम्पनी, वर्तमान व्यवसाय में सुधार के अतिरिक्त, एनबीएफसी प्रभाव क्षेत्र के अंतर्गत नये व्यवसायिक चरणों का शुभारम्भ करते हुए विकसित बाजार परिदृश्य में उपभोक्ता क्रेडिट एवं भुगतान में अग्रणी बनने जा रही है. बॉबकार्ड्स लिमिटेड का उद्देश्य, क्रेडिट कार्ड (सीसी) तथा वैयक्तिक ऋण (पीएल) व्यवसाय हेतु उपभोक्ता वित्त कम्पनी बनना है. इसके अतिरिक्त, यह उत्पाद एवं पीओएस व्यवसाय हेतु सेवा क्षमताएं प्रदान करेगा तथा बैंक के लिए खुदरा/एसएमई उत्पादों का स्रोत उपलब्ध कराएगा.

वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान अपने सम्पूर्ण विकास के लिए कम्पनी द्वारा अनेक पहलें की गई हैं. विमुद्रीकरण के दौर में नकदी रहित संव्यवहार को बढ़ावा देने की दिशा में बैंक द्वारा नवंबर एवं दिसंबर 16 माह के दौरान नये व्यापारियों को पीओएस हेतु नामांकन का राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत 60,000 से अधिक नये पीओएस का स्थापन किया गया तथा पीओएस का आधार बढ़कर 85,000 हुआ. विमुद्रीकरण के उपरांत, पीओएस संव्यवहार की मात्रा, पहले के रु 8 करोड़ के सापेक्ष रु 30 करोड़ प्रति दिन पर पहुंचा. संव्यवहारों की संख्या भी 25,000 प्रति दिन से बढ़कर 2 लाख संव्यवहार प्रति दिन हुई. मासिक संव्यवहार की मात्रा रु 244 करोड़ से बढ़कर ₹ 700 करोड़ हुई. बॉबकार्डस ने एम-पीओएस (मोबाइल पीओएस टर्मिनल्स) एवं क्यूआर आधारित एक्वायरिंग (एम-वीजा एवं भारत क्यूआर कोड) का योग करते हुए पीओएस उत्पाद की अनुकुलता का सफलतापूर्वक का विस्तार किया. कम्पनी का ध्यान गुणवत्तायुक्त कार्डों को लगातार जारी करने पर है, जिसके परिणामस्वरुप क्रेडिट कार्ड व्यवसाय के द्वारा संव्यवहार की मात्रा में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई. ट्रेवल व्यवसाय खंड में और अधिक ऐसे एजेंटों को जोड़ने के लिए संभावितों के साथ सम्पर्क की प्रक्रिया शुरु की गई है. विमुद्रीकरण के पश्चात पीओएस स्थापन हेतु जोर के बावजूद फरवरी 2017 तक कुल 24,770 नये कार्ड जारी किए जा चुके हैं. बड़े पैमाने पर विपणन पहल के रुप में, बॉबकार्डस ने एक्सएलआरआई, जमशेदरपुर के साथ उनके भूतपूर्व छात्रों को सह-ब्रांडेड कार्ड जारी करने हेतु ताल-मेल स्थापित किया.

ग्राहकों को तत्काल एवं शिष्टतापूर्ण सेवा प्रदान करना लगातार कम्पनी की मुख्य शक्ति रही है, जिसने न सिर्फ इसे ग्राहक मित्रवत् संगठन के रुप में स्थापित होने में समर्थ बनाया है बल्कि गुणवत्तायुक्त ग्राहकों को बनाए रखने में मदद भी की है. त्वरित शिकायत निवारण प्रक्रिया उच्च स्तर की ग्राहक संतुष्टि एवं प्रतिक्रिया में परिणत हुई.

बैंक द्वारा 1996 में स्थापित **बॉब कैपिटल मार्केट लिमिटेड** पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है. बॉबकैप्स का मुख्य व्यवसाय निवेश बैंकिंग (डेब्ट पुनर्रचना, प्रोजेक्ट वित्त, एम एवं ए, डेब्ट कैपिटल मार्केट एवं इक्विटी कैपिटल मार्केट), संस्थागत एवं खुदरा इक्विटी ब्रोकिंग तथा वित्तीय उत्पादों का वितरण है. कंपनी के पास पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) का भी लाइसेंस है. वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान, कंपनी ने अपने मुख्य व्यवसाय में महत्वपूर्ण स्तर पर नयी शुरुआत की है. कंपनी ने आपके बैंक की लीवरेज शक्ति को समर्थ बनाने तथा बॉबकैप्स को अग्रणियों में से एक बनाने एवं व्यवसाय में सबसे सम्मानित इकाई के रुप में स्थापित करने हेतु अपनी टीम को व्यवसाय यथा निवेश बैंकिंग, ब्रोकिंग एवं धन प्रबंधन/वितरण में सफलतापूर्वक सुदृढ किया है.

नैनीताल बैंक लिमिटेड को स्वर्गीय भारत रत्न पं गोविन्द वल्लभ पंत और अन्यों द्वारा प्रवर्तित किया गया था जो कि वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का सहयोगी बैंक बना. नैनीताल बैंक में आपके बैंक की शेयरधारिता 98.57% है. बैंक का कुल व्यवसाय जो 31/03/2016 को रु 8049.22 करोड़ था, जो बढ़कर 31/03/2017 को रु 10,132.66 करोड़ हो गया, इस प्रकार 25.88% की संवृद्धि हुई. बैंक ने -11- नयी शाखाएं खोली हैं तथा नैनी लोन प्वाइंट्स (एनएलपीएस)के नाम से -5- लोन प्रोसेसिंग ईकाईयां स्थापित की हैं. बैंक ने टीसीपीएसएल के साथ सहयोग स्थापित करते हुए 13 व्हाइट लेवेल एटीएम भी स्थापित किए हैं. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017 के दौरान अपने ग्राहकों को 22,688 डेबिट कार्ड जारी किए हैं.

बडौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड, पायोनियर ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट एसपीए के साथ एक संयुक्त उद्यम है और यह परिचालन के 8वें वर्ष में है. म्युचुअल फंड इंड्स्ट्री के लिए अच्छे वर्षों को देखते हुए, बडौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कम्पनी भी अपने एयूएम में वृद्धि करने में सक्षम रहा है. वित्तीय वर्ष 2017 हेतु कम्पनी का औसत एयूएम भारतीय रु में ₹ 10,535 करोड़ था. इसके अतिरिक्त कम्पनी ने अर्थसुलभ कटौती के शेयर तथा उसमें भी जारी स्थायी आय के साथ अपने मिश्रित आस्ति में सुधार किया है. इससे कम्पनी को वर्ष के दौरान अपने बजट मार्जिन को बनाए रखने में मदद मिली है. कम्पनी का ध्यान, वितरण हेतु बैंकिंग एवं आईएफए चैनलों के विकास पर जारी है. इससे स्थायी आय तथा इक्विटी व्यवसाय खंडों को गति देने में मदद मिली है. कम्पनी की एसआईपी बही में भी लगातार संवर्धन हो रहा है तथा देश के 15 से अधिक टॉप शहरों से अंत: प्रवाह देखा गया है. इक्विटी फंड में आस्ति संग्रहण एवं स्थायी आय व्यवसाय खंड में तेजी, कम्पनी के लिए लगातार टॉप एजेंडा रहे हैं. अपनी सेवा में निरंतर सुधार हेतु कम्पनी की वर्धित तकनीकी समाधान सम्बन्धी खोज जारी है.

इंडियाफर्स्ट लाईफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, आन्ध्रा बैंक एवं लीगल तथा जनरल ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम कंपनी है जिसने अपना व्यवसाय परिचालन 16 नवंबर 2009 को शुरु किया एवं पूरे देश में अपने उत्पादों के लिए अच्छा प्रतिसाद प्राप्त कर रही है. इंडियाफर्स्ट सबसे तेज प्रगति करनेवाली जीवन बीमा कम्पनी है जिसने अपने 5 वें वर्ष के परिचालन में अच्छी प्रगति की है एवं मार्च 2017 में 4.5% के बाजार शेयर एवं ₹ 9061 करोड़ के एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) के साथ निजी प्रतिस्पर्धियों में 8वां स्थान प्राप्त किया है.

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड (इंफ्राडेब्ट), यह नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी संरचना सेटअप के अंतर्गत प्रथम इंफ्रास्ट्रक्चर डेब्ट फंड (आईडीएफ) है और इसका प्रवर्तन आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक ऑफ बडौदा, सिटीकॉर्प फाईनेंस (इंडिया) लिमिटेड तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा किया गया था, जिसमें बैंक की 30% हितधारिता है. कंपनी की प्रमुख गतिविधि इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना की ऋण देयताओं का आंशिक पुनर्वित्त उपलब्ध कराना है, जिसने अपने वाणिज्यिक परिचालन के एक वर्ष पूरे कर लिए हैं. कंपनी ने 31 मार्च, 2017 तक पीपीपी फॉर्मेट के अंतर्गत एनएचएआई द्वारा प्रदत्त 22 सडक परियोजनाओं, 18 नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं तथा दो अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं (हॉस्पिटल) को ₹ 4,712 करोड़ का सकल संवितरण किया है. इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड ने 31 मार्च, 2017 तक अपरिवर्तनीय डिबेंचर्स के माध्यम से कुल ₹ 4205 करोड़ की निधि वर्धित की है.

बडौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेस लिमिटेड, हमारे बैंक की नयी स्थापित पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है. इस अनुषंगी की स्थापना बैक ऑफिस की कुछ प्रक्रियाओं का अंतरण कर केंद्रीकृत माध्यम से इन्हें हैंडल करने के उद्देश्य से की गई है. यह कम्पनी अभी परिचालित होनी है.

घरेलू अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है:

(₹ लाख में)

इकाई (पंजीकरण की तारीख के साथ)	स्वाधिकृत निधियां	कुल आस्तियां	शुद्ध लाभ	कार्यालय	स्टाफ
बॉब कैपिटल मार्केट लि. (11.03.1996)	16,317	16,554	560	1	57
बॉबकार्ड्स लि. (29.09. 1994)	23,647	35,651	2,644	38	135
बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि. (05.11.1992)	4,864	6,150	107	3	75
बड़ौदा पायोनियर ट्रस्टी कंपनी लि. (23.12.2011)	8	11	1	1	0
इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (05 .11.2009)	55,061	1,11,248	3,517	24	1,294
नैनीताल बैंक लि. (31.07.1922)	56,969	7,699	4,846	353	922
इंडिया इन्फ्राडेट लि. (31.10.2012)	42,006	4,93,942	4,810	1	17
बॉब शेयर्ड सर्विसेस लिमिटेड (15.03.2017) अभी परिचालित होनी है	12	-	-	1	-

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट, शेयर अंतरण सिस्टम तथा निवेशकों की शिकायतों का निवारण

बैंक ने निवेशक सेवाएं विभाग की स्थापना की है, जिसके प्रमुख कार्पोरेट कार्यालय, मुम्बई के कम्पनी सचिव हैं, जिसमें समाधान हेतु शेयरधारक नीचे दिए गए पते पर अपने अनुरोध/शिकायत मेल कर सकते हैं. वे अपनी शिकायत एसपीजीएसआर के माध्यम से भी ऑन लाईन दर्ज कर सकते हैं.

लाभांश वितरण नीति

